दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 106 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan






# नीतीश कुमार ने रचा इतिहास...

## 10वीं बार सीएम पद की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**पटना( एजेंसी )।** पटना का गांधी मैदान गुरुवार को एक बार फिर ऐतिहासिक गवाही देता नजर आया, जब नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। व्यापक जनसमर्थन, देशभर के नेताओं की उपस्थिति और अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह क्षण बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय फिर जोड़ दिया गया है।

राज्यपाल ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उनके बाद उप मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही एनडीए गठबंधन की नई सरकार ने औपचारिक रूप से कामकाज की शुरुआत कर दी। समारोह में कुल 26 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें शामिल जमुई से विधायक चुनी गईं श्रेयसी सिंह पहली बार मंत्री बनी हैं। गांधी मैदान में सुबह से ही भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न जिलों से पटना पहुंचे और माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा दिखा। जगह-जगह जय बिहार, नीतीश कुमार जिंदाबाद जैसे नारे गूंजते रहे। समर्थकों ने गमछे हवा में लहराकर नेताओं का अभिवादन किया। इस शपथ ग्रहण समारोह को खास बनाने वाला एक महत्वपूर्ण पहलू था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी। बिहार के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री स्वयं उपस्थित रहे। पीएम मोदी की मौजूदगी ने समारोह की गरिमा और राजनीतिक महत्व को कई गुना बढ़ा दिया।

### जेडीयू के आठ मंत्रियों ने ली शपथ

शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू से भी आठ मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की है। जेडीयू की से मंत्री पद की शपथ लेने वालों में विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, विजेंद्र यादव, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मो. जमा खान, मदन सहनी, डॉ. प्रमोद कुमार का नाम शामिल है।

### इन एमएलए ने भी ली मंत्री पद की शपथ

चिराग की पार्टी से संजय कुमार, संजय सिंह ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उधर जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी की ओर से संतोष कुमार सुमन और दीपक प्रकाश ने भी नई सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली है। बता दें कि बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है।




## मुख्यमंत्री शर्मा पटना में शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

### नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई

**जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को बिहार के पटना में स्थित गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित बिहार के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा को उपमुख्यमंत्री एवं अन्य सदस्यों को मंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार विकसित बिहार के निर्माण में संकल्पित होकर कार्य करेगी तथा बिहार में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचन्द बैरवा तथा विधायक कुलदीप धनखड़ सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### 26 मंत्रियों ने ली शपथ

गांधी मैदान में नीतीश के अलावा गांधी मैदान में एनडीए सरकार के 26 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। बीजेपी विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी और उपनेता विजय कुमार सिन्हा ने डिप्टी सीएम के रूप में मंत्री पद की शपथ ली। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के अलावा बीजेपी के मंगल पांडेय, डॉ. दिलीप जायसवाल, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संजय सिंह, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र पासवान, श्रेयसी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने भी बिहार सरकार मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।



## नीतीश कुमार.. बधाई... शपथ के बाद पीएम ने बताया कुशल और अनुभवी प्रशासक; सभी को दीं शुभकामनाएं

नीतीश कुमार ने एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। उन्होंने दर्जनों मंत्रियों के साथ पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई बड़े नेता मौजूद थे। गांधी मैदान में हजारों की भीड़ जमा थी। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को बधाई देते हुए कई ट्वीट किए।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं**-प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर नीतीश कुमार जी को हार्दिक बधाई। वे एक अनुभवी प्रशासक हैं और कई वर्षों से सुशासन का बेहतरीन रिकॉर्ड रखते हैं। उनके कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- राज्यपाल विधानसभा से पास बिलों को न लटकाएं

### बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें; डेडलाइन नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की बिल मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि हमें नहीं लगता कि गवर्नरों के पास विधानसभाओं से पास बिलों (विधेयकों) पर रोक लगाने की पूरी पावर है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, गवर्नर्स के पास 3 ऑप्शन हैं। या तो मंजूरी दें या बिलों को दोबारा विचार के लिए भेजें या उन्हें प्रेसिडेंट के पास भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिलों की मंजूरी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। अगर देरी होगी तो हम दखल दे सकते हैं। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर ने राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। इसी फैसले में कहा था कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने मामले में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी और 14 सवाल पूछे थे।

## ट्रम्प बोले-350% टैरिफ की धमकी पर मोदी का फोन आया

### दावा- पीएम ने कहा कि हम जंग खत्म कर चुके हैं

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350% टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में बुधवार को कहा, मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा, हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा, क्या खत्म कर चुके हो इस पर मोदी ने बताया, हम जंग नहीं करने जा रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ।

ट्रम्प ने 60 से ज्यादा बार जंग रुकवाने का दावा किया ट्रम्प ने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने ये दावा किया था कि उनकी वजह से ही संघर्ष थमा है। इसके बाद से वे 60 बार से ज्यादा बार ये दावा कर चुके हैं कि मई में भारत-पाकिस्तान के बीच जो तनाव कम हुआ, वह उनकी दखलअंदाजी की वजह से हुआ।



### पहले ट्रम्प ने 250% टैरिफ लगाने वाला बयान दिया था

इससे पहले ट्रम्प ने 29 अक्टूबर को साउथ कोरिया में हो रही एपेक छश्वह्र समिट में भी भारत-पाकिस्तान तनाव का जिक्र किया था। ट्रम्प ने कहा कि जब दोनों देश लड़ रहे थे तो मैंने दोनों से जंग रोकने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। ट्रम्प ने दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भी तारीफ की। मुनीर को उन्होंने जबरदस्त फाइटर बताया।

### ट्रम्प का ऐलान- भारत पर टैरिफ कम करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 10 नवंबर को कहा था कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर लगे टैरिफ को धीरे-धीरे कम करेगा। ट्रम्प ने कहा, वे मुझसे अभी प्यार नहीं करते, लेकिन वे मुझसे फिर प्यार करेंगे। हमें एक अच्छा सौदा मिल रहा है। भारत पर टैरिफ कम करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि भारत पर ऊंचे टैरिफ रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर दी है। उन्होंने कहा, हां, हम टैरिफ कम करेंगे।



## सम्पादकीय

# बचने न पाएं माओवादी, खात्मे का लक्ष्य आसानी से पूरा होना जरूरी

कुख्यात माओवादी सरगना हिड़मा के अपने कई साथियों संग मारे जाने के दूसरे दिन जिस तरह कुछ और माओवादी मार गिराए गए, उससे माओवाद अंतिम सांसें गिनते हुए दिखने लगा है। अब यह उम्मीद बढ़ गई है कि अगले वर्ष मार्च तक माओवाद के खात्मे का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। ऐसा होता हुआ इसलिए दिख रहा है, क्योंकि अब तीन-चार माओवादी सरगना ही ऐसे रह गए हैं, जो पस्त पड़े अपने साथियों का नेतृत्व कर सकने में समर्थ हैं। यदि वे हथियार नहीं डालते तो उनका सफाया करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। बचे-खुचे माओवादियों को मुख्यधारा में आने के लिए अवश्य कहा जाना चाहिए, लेकिन उनके खिलाफ जो अभियान जारी है, उसमें कोई नरमी इसलिए नहीं आने दी जानी चाहिए, क्योंकि अतीत में उन्होंने निष्क्रिय रहकर अपने को फिर से संगठित करने के साथ ही ताकतवर भी बना लिया था। इस बार उन्हें कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि उनके हथियार डालने की शर्तें अत्यधिक उदार हैं। जो इन उदार शर्तों का लाभ उठाने को तैयार नहीं, उन्हें यह संदेश देने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए कि उनका बचना संभव नहीं। मुख्यधारा में शामिल होने से इन्कार करने और अपनी लड़ाई जारी रखने वाले माओवादी किसी नरमी के हकदार नहीं हो सकते।जितना जरूरी यह है कि हथियारबंद माओवादियों के खिलाफ दबाव और बढ़ाया जाए, उतना ही यह भी कि उन्हें वैचारिक खुराक देने वाले उनके दबे-छिपे समर्थकों पर शिंकजा कसा जाए। माओवाद सभ्य समाज विरोधी एक विषैली विचारधारा है। इस खतरनाक विचारधारा के लिए भारत में कोई स्थान नहीं हो सकता। यह सही समय है कि उन नकली मानवाधिकारवादियों पर भी निगाह रखी जाए, जो माओवादियों को गरीबों की लड़ाई लडने वाला बताते हैं। कुछ तो ऐसे हैं, जो खूंखार माओवादियों को बंदूकधारी गांधीवादी तक बता चुके हैं। तथ्य यह भी है कि वाम दलों को माओवादियों के खिलाफ जारी अभियान रास नहीं आ रहा है। ये दल इस अभियान को तो कठोर बताते हैं, लेकिन माओवादियों की बर्बरता के खिलाफ कभी मुंह नहीं खोलते। उन्हें यह भी नहीं दिखता कि माओवादी विकास के बैरी बन चुके हैं और वे सबसे अधिक नुकसान उन आदिवासियों को ही पहुंचा रहे हैं, जिनके हितैषी होने का फर्जी दावा करते हैं। एक समय माओवाद नक्सलवाद के रूप में था। बंगाल में अपनी कमर टूटने पर नक्सलियों ने ही आंध्र में माओवादियों का चोला धारण किया। अब वे



किसी तरह का अन्य कोई चोला धारण न करने पाएं, इसके लिए विचारधारा के स्तर पर भी उनका सामना किया जाना चाहिए। यह भी आवश्यक है कि पिछड़े और विशेष रूप से आदिवासी इलाकों में विकास के कामों को समय रहते पूरे करने पर जोर दिया जाए।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 21 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1877 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।
- 1906 - चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।
- 1921 - प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बाँबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।
- 1947 - आजादी के बाद देश में पहली बार डाक टिकट जारी किया गया।
- 1956 - एक प्रस्ताव लाकर शिक्षक दिवस को स्वीकृति दी गई थी।
- 1962 - भारत-चीन सीमा विवाद के दौरान चीन ने संघर्षविराम का ऐलान किया।
- 1963 - केरल के थुंबा क्षेत्र से रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरु हुआ।
- भारत का 'नाइक-अपाचे' नाम का पहला रॉकेट छोड़ा गया।
- 1979 - मक्का में काबा मस्जिद पर मुस्लिम उग्रवादियों का अधिकार।
- 1986 - मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने संविधान अंगीकार किया।
- 1999 - चीन द्वारा अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान 'शेनझू' का प्रक्षेपण किया गया।
- 2001 - संयुक्त राष्ट्र ने अफग़ानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा।
- 2002 - मुस्लिम लीग (कायदे आजम) के नेता जफ़रउल्ला ख़ान जमाली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री निर्वाचित।
- बुल्गारिया. इस्तोनिया, लातविया, लिथुआनिया ,रोमानिया,स्लोवाकिया और स्लेवानिया को नाटो ने संगठन का सदस्य बनने का निमंत्रण दिया।
- 2005 - श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने पूर्व प्रधानमंत्री रत्नसिरी विक्रमनायके को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- 2006 - भारत और चीन ने नागरिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में साझा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया।

## विशेष आलेख

# दूसरों को चुनावी दाव सिखाने वाले पी के खुद ओंधे मुंह कैसे गिरे !



रामस्वरूप रावतसरे

बिहार विधानसभा चुनाव में लड़ाई तो मुख्य रूप से सत्तारूढ़ राजग और विपक्षी दलों के महागठबंधन के बीच थी, लेकिन तमाम निगाहें एक और मोर्चे पर भी लगी हुई थीं। यह मोर्चा था चुनावी रणनीतिकार से नेता बनने की कवायद में जुटे प्रशांत किशोर की चुनावी पारी की शुरुआत और उसका परिणाम। उनकी जनसुराज पार्टी अपना खाता खोलना तो दूर इक्का-दुक्का सीटों को छोडक़र अपनी जमानत बचाने तक में नाकाम हुई। राजनेता के रूप में प्रशांत किशोर की पहली पारी एकदम फीकी रही। चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी जन के मन पर कोई छाप छोडऩे में सफल नहीं हो सकी। 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा के लिए जनसुराज ने 238 उम्मीदवार उतारे। इनमें से 98 प्रतिशत (233 उम्मीदवारों) की जमानत जब्त हो गई। इस आधार पर ये चुनाव प्रशांत किशोर के लिए राजनीतिक तौर पर गहरा झटका साबित हुआ है। चुनाव से पहले उन्होंने राज्य भर में व्यापक दौरे किए और पदयात्रा निकालकर लोगों से संपर्क भी साधा। जानकारों के अनुसार जनसुराज के गठन से पहले प्रशांत किशोर ने 5 मई 2022 से 2 अक्टूबर 2024 तक 6 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। 5000 गाँवों तक पहुँचकर सभाएँ की। बिहार चुनाव से पहले वोटर्स को अपने पाले में लाने के लिए 1,280 दिन तक बिहार के चप्पे-चप्पे पर पहुँचने के जुगत में लगे रहे पर चुनाव के नतीजों में उनके हाथ कुछ न लगा। उन्होंने चुनाव को एक जन आंदोलन के रूप में पेश करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी यह कोशिश रंग नहीं ला पाई। चुनाव परिणाम में उनके लिए एकदम स्पष्ट सीख और संदेश रहा कि आँकड़ेबाजी और रणनीतिक तिकड़मों और जनता की नब्ज समझना एकदम विपरीत मुद्दे हैं। चुनाव से पहले मीडिया से लेकर सोशल मीडिया पर प्रशांत किशोर और जनसुराज का बड़ा शोर सुनाई पड़ रहा था, लेकिन सुर्खियों, खबरों से लेकर नैरेटिव के मोर्चे पर मची यह हलचल जनमत की दशा-दिशा को किसी भी तरह प्रभावित करने में नाकाम दिखी। स्पष्ट है कि दूसरों को परीक्षा की तैयारी कराने वाले प्रशांत जब खुद अपने इम्तिहान में बैठे तब या तो उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं थी या फिर वह अति-आत्मविश्वास के शिकार थे। दोनों ही परिस्थितियों में परिणाम वही निकलना था जो अंततः सामने भी आया। 1 करोड़ से ज्यादा सदस्यों का दावा करने वाली जनसुराज पार्टी को 10 लाख वोट भी नहीं मिल सके। प्रशांत किशोर के नजदीक रहे लोगों के अनुसार उनकी हार के लिए कुछ हद तक उनकी ही रणनीति जिम्मेदार है। पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और जनसंपर्क दोनों ही कमजोर थे। प्रशांत किशोर ने इस चुनाव को एक बड़े जन आंदोलन के रूप में पेश किया था, लेकिन चुनावी नतीजों ने दिखा दिया कि जनता ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

प्रशांत किशोर ने बिहार के जमीनी मुद्दों को अनदेखा करते हुए ऐसे मुद्दे उठाते रहे, जिनती अनुगूंज जनता के बीच सुनाई नहीं दी। वे गुजरात जैसे राज्यों के उदाहरण गिनाकर बिहार के पिछड़ेपन का जिम्मेदार बताते रहे। आज के दौर में जब हर व्यक्ति के पास जागरूकता के कई माध्यम उपलब्ध हैं, तब जनता को इस तरह बरगलाना आसान नहीं होता। इस वास्तविकता को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि चाहे गुजरात हो या फिर तमिलनाडु जैसा औद्योगिक मोर्चे पर अग्रणी कोई अन्य राज्य, वह उस स्थिति में एकाएक नहीं पहुँचा और बिहार को रातोंरात उस मुकाम पर पहुँचा पाना भी संभव नहीं है। इसी तरह बिहार से विस्थापन और पलायन का रुझान भी एकाएक शुरू नहीं हुआ। इन स्थितियों को सुधारने के लिए समय की आवश्यकता होगी और संक्रमण की इस अवधि में जरूरी जमीन भी तैयार करनी होगी। ऐसे में प्रशांत के बिहार के साथ पक्षपात और एकाएक बनी स्थितियों के आरोप जनता के गले नहीं उतरे। प्रशांत किशोर ने हरसंभव तरीके से यह दिखाने का प्रयास किया कि बिहार की दशा-दिशा सुधारने की उनकी मंशा एकदम भली है, लेकिन अपने इरादों को सिरे चढ़ाने के लिए वह कोई कारगर ब्लूप्रिंट नहीं सुझा सके। इस मामले में उनके दावे भी तेजस्वी यादव जैसे रहे, जिन्होंने हर एक घर से सरकारी नौकरी देने से लेकर महिलाओं को मकर संक्रांति पर 30,000 रुपये देने का वादा किया। तेजस्वी की तरह प्रशांत के वादे भी जनता को न समझ आए और न ही उन पर भरोसा हो पाया। जानकारों के अनुसार किसी भी राजनीतिक दल की ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए कैडर बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कैडर अमूमन वैचारिक दिशा से ही प्रेरित होता है और खुद को राजनीतिक दलों की गतिविधियों में एक अंशभागी के रूप में देखता है। उसका अपने दल के साथ एक भावनात्मक लगाव भी होता है। भावनाओं और वैचारिक खुराक की जुगलबंदी के अभाव में कार्यकर्ता दुविधा एवं भ्रम के शिकार हो जाते हैं। प्रशांत किशोर ने अपना ऐसा सांगठनिक ढांचा विकसित करने के बजाय पेशेवर लोगों को प्राथमिकता दी, जिनके लिए यह किसी सामान्य कवायद जैसा ही रहा। उनकी शिकस्त में यह भी एक कारण रहा कि वह अपने पीछे ऐसे लोगों को लामबंद नहीं कर पाए, जो कड़ी के रूप में और जनता को अपने साथ जोड़ पाते। टिकट वितरण में भी प्रशांत किशोर का रवैया ऐसा रहा कि वह किसी राजनीतिक लड़ाई के बजाय किसी कारपोरेट ढांचे में काम करने जा रहे हैं। उन्होंने जनता के बीच पैठ के बजाय उम्मीदवारों की निजी उपलब्धियों को ज्यादा तरजीह दी। अमूमन विधान परिषद या राज्यसभा के मामले में ऐसा होता है, लेकिन पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा जैसे चुनावों में जनता से नेता का जुड़ाव और उसकी लोकप्रियता कहीं ज्यादा मायने रखती है। इसमें भी प्रशांत किशोर मात खा गए। यही कारण रहा कि इनके उम्मीदवार जीतना तो दूर वह वोट काटने की स्थिति में भी नहीं आ पाए। प्रशांत किशोर ने खुद चुनाव से कन्नी काटकर अपने कार्यकर्ताओं को निराश किया। यह भी एक कारण रहा कि उनका चुनाव अभियान कभी परवान ही नहीं चढ़ पाया। अगर वह खुद चुनाव लड़ते तो उनकी पार्टी और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता। प्रशांत किशोर का चुनाव लडऩे से किनारा करना उनके रक्षात्मक रवैये को ही जाहिर करने वाला रहा। इस मामले मे स्थिति तब और खराब हो गई।

# बांग्लादेश के हालात से सतर्क रहने की सख्त जरूरत है



अरविंद रावल

*बांग्लादेश की अदालत के फैसले के बाद निश्चित ही भारत सरकार पर शेख हसीना को लेकर दबाव बन रहा है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि शरण में आये व्यक्ति की जान की हिफाजत न की जाए ।*

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल के साथ ही वहां के राजनीतिक हालात शांत नहीं रहे हे जिसके चलते बंगबंधुओ का बंगाल जातीय कट्टरता की आग में जल रहा है। कहने को भले ही बांग्लादेश की कमान प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के हाथों में है लेकिन उसकी डोर कट्टर मजहबी संगठनों के लोगों के हाथों में है जो विदेशी इशारो पर चलकर धनबल और हथियारों के सहारे मजहबी कट्टरता को भडक़ा कर बांग्लादेश सहित समूचे एशिया में कट्टरपंथी हुकुमत स्थापित करना चाहते है ।सत्ता से बेदखल के बाद बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपनी जान बचाने के लिए हमारे देश में शरण लेना पड़ी है लेकिन हाल ही में बांग्लादेश की अदालत द्वारा देश में दंगे भडकाने के आरोप में अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फासी की सजा सुने है जिसके बाद से बांग्लादेश एक बार फिर असग की लपटों में घिर गया है ।अदालत के फैसले से बांग्लादेश में कट्टरपंथी मजहबी नफरत फैलाने वाले लोगों का एक धड़ा खुश है और भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की मांग कर रहा है जबकि दूसरा धड़ा अदालत के फैसले का विरोध कर अपनी पूर्व प्रधानमंत्री की जान की रहम की मांग कर रहा है जिससे टकराव के चलते बांग्लादेश इस समय आग की लपटों में चौतरफा घिरा हुआ है । बांग्लादेश की अदालत के फैसले के बाद निश्चित ही भारत सरकार पर शेख हसीना को लेकर दबाव बन रहा है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि शरण में आये व्यक्ति की जान की हिफाजत न की जाए । बहरहाल कूटनीतिक दृष्टि से सारी विदेशी मीडिया की नजर अब नई दिल्ली की तरफ मुह लगाए बैठी है और भारत सरकार के अगले कदम के इंतजार में है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेख हसीना की जान बचाने हेतू कोई बड़ा कुटनीतिक कदम चलेगे लेकिन प्रधानमन्त्री मोदी का यह कदम कट्टरपंथी मजहबी और विदेशी ताकतों को जरा भी रास नही आयेगा और वह भारत विरोधी तत्वों के साथ मिलकर देश में अशांति फेलाकर अस्थिरता पैदा कर सकते है। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्ता पलट में पाकिस्तान के साथ अमेरिकी भूमिका को भी नकारा नहीं जाना चाहिए । बेशक खुद को शांति का मसीहा कहलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वाशिंगटन डीसी से बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार की घटना का लाइव देखते रहे लेकिन मजाल की उन्होंने इस नरसंहार पर उफ़ भी किया हो । बांग्लादेश की अदालत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की फांसी की सजा के बाद भारत विरोधी ताकतें देश के अंदर और बाहर एक बार फिर आतंकी फैन फेलाए खड़ी हो रही है। पाकिस्तान बांग्लादेश के कट्टरपंथी आतंकी संगठनो के मार्फत चीन अमेरिका भी यह चाहेगे की भारत में अंदरूनी माहौल अशांत हो ताकि भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का मार्ग रोका जा सके । अतएव भारत सरकार सीमाओं पर बाहरी दुश्मनों से जितनी मुस्तैद है उतनी ही केंद्र व राज्य सरकारों को भी देश के अंदर पंचायत स्तर तक मुस्तैद रहने की जरूरत है।

बढ़ता राजस्थान

## दो सरपंच



रूपक शर्मा

नमस्कार मित्रों मैं आपका साथी रूपक शर्मा आज आपके लिए अपने कंटेंट में एक नई चीज लेकर आया हूं। एक गाँव का यदि विकास करना हो तो या अपनी बात के माध्यम से गाँव में कुछ नया करना हो तो गाँव में सरपंच बेहद जरूरी है। एक दौर था जब गाँव में सरपंच जी एक न्यायपूर्ण पद माना जाता था। गाँव की पूरी पंचायत को साथ लेकर सरपंच द्वारा किए गए फैसले सर्वमान्य होते थे। जैसे जिले का मालिक जिला कलक्टर होता है ठीक ऐसे ही पूरे गाँव का मालिक उस गाँव का सरपंच हुआ करता था। ऐसे में पूरा गाँव सरपंच जी का सम्मान व आदर भी करते थे। ठीक ऐसे जैसे एक घर परिवार का सरपंच उस घर का सबसे बड़ा हुआ करता है। लेकिन आज हालात गाँव के भी खराब हैं जिले के भी खराब हैं और घर परिवार के भी खराब हैं क्योंकि आज दो सरपंच हो गए हैं। घर में पति घर का सरपंच का स्वरूप हुआ करता था इसलिए सब कुछ खुशहाल था,सब मर्यादा में था,सब कायदे में था और बच्चें भी भय के कारण संस्कारवान हुआ करते थे लेकिन अब हर घर में दो सरपंच हैं। जहां पति अपनी चलाता है वहीं पत्नी भी अपना हक मानकर अपनी चलाती है ऐसे में उस घर में बच्चें भी पूरे कलाकर हैं वे इन दोनों सरपंचों की लड़ाई का पूरा लाभ उठाकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं। मर्यादाएं टूट रही हैं, बेटा कुछ गलत करता हैं तो मां सरपंच बनकर सामने आन खड़ी होती हैं ऐसे में उस गाँव का ,उस घर का और उस परिवार का बंटाधार तय है जहां दो-दो सरपंच हों।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# साइलेंट किलर है पैंक्रियाटिक कैंसर! शरीर में दिख रहे इन लक्षणों को नजरअंदाज करने की न करें भूल

हर साल नवंबर महीने के तीसरे गुरुवार को विश्व पैंक्रियाटिक कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच पैंक्रियाटिक कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पैंक्रियाटिक कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो हमारे पैंक्रियाज (अग्नाशय) को प्रभावित करती है। पैंक्रियाज हमारी छोटी आंत के पास स्थित एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण अंग है। यह खाने को पचाने में मदद करता है और शरीर में इंसुलिन बनाता है। अन्य कैंसर के मुकाबले पैंक्रियाटिक कैंसर पैंक्रियाटिक कैंसर को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि इस बीमारी के शुरुआती लक्षण बेहद हल्के होते हैं और लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं। पैंक्रियाटिक कैंसर के कारण, शुरुआती लक्षण, इलाज और बचाव के उपायों पैंक्रियाटिक कैंसर कैसे होता है? पैंक्रियाटिक कैंसर तब होता है, जब पैंक्रियास की कोशिकाएं असामान्य तरीके से बढऩे लगती हैं और ट्यूमर का रूप ले लेती हैं। इसके सबसे बड़ा कारण होता है क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस, यानी पैंक्रियास में लंबे समय तक चलने वाली सूजन। जब कोई अंग लगातार इंफ्लेमेशन झेलता है, तो समय के साथ कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। पैंक्रियाटिक कैंसर के कारण -लंबे समय तक चलने वाला क्रॉनिक पैन्क्रियाटाइटिस धूम्रपान ज्यादा शराब का सेवन परिवार में किसी को पैंक्रियाटिक कैंसर होना मोटापा फिजिकली इनएक्टिव होना बढ़ती उम्र पैंक्रियाटिक कैंसर के लक्षण - पेट के ऊपरी हिस्से में लगातार हल्का दर्द होना या पाचन में दिक्कत होना बिना किसी वजह के वजन घटना पीलिया (त्वचा और आंखें पीली दिखना) भूख अचानक कम होना अचानक शुगर बढऩा या डायबिटीज होना हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होना पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज - पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज बीमारी किस स्टेज पर है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य और संयम दिखाने की आवश्यकता है।

**वृष**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। बिजनेस में कुछ नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, जो उनको काम को लेकर कुछ नया टिप्स देंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं, यदि ऐसा हो, तो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें और आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

**कर्क**

आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपको आज बिजनेस के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। ऑनलाइन कम कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है।

**सिंह**

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को भी पूरा करेंगे और नए काम में आप थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाएं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**तुला**

आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे, लेकिन बेफिजूल का खर्च भी आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। बिजनेस कर रहे लोग अपने कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचाना को कहा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से वह कहीं बाहर जा सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी पार्टी में जा सकते हैं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई नया घर खरीदने की इच्छा पूरी होगी। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मीन**

आज आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी और किसी छोड़ी हुई नौकरी से भी बुलवा आ सकता है, लेकिन राजनीतिक में आप थोड़ा सोच समझकर कदम उठाएं।

## अवैध शराब ठेकों का आतंकः महिलाओं से छेड़छाड़, हथियारबंद गुंडों का हमला



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक जिलेभर में चल रहे अवैध शराब के ठेके अब आम जन के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं। नियमों को ताक में रखकर जिलेभर में आबकारी विभाग ने दर्जनों शराब के ठेके खोल दिए, कहीं मंदिर के पास तो कहीं सरकारी स्कूलों के पास, हद की बात तो यहाँ तक हैं की टोंक शहर में पुलिस लाइन के इस गेट के नज़दीक ही शराब का ठेका संचालित है और गुरुवार को यहीं शराब का ठेका पुलिस और आमजन के लिए मुसीबत का सबब उस समय बन गया जब ठेके में शराब पीकर नशेडियों ने महिलाओं के साथ छेडछाड शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर यहीं हाल होता है कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है आज भी कुछ लोग शराब के नशे में धुत्त होकर महिलाओं को छेड़ रहे थे इसकी शिकायत करने जब ठेका संचालकों के पास गए तो उन्होंने 20-25 हथियारबंद गुंडे बुला लिए और हमला कर दिया, घर में घुसकर महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया , जिसमें एक युवक रघुवीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हुआ, लहुलुहान हालत में घायल युवक को सआदत अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है, वहीं सूचना मिलते ही पुरानी टोंक, कोतवाली पुलिस थानाधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। लेकिन उससे पहले ही हमलावर मौके से फ़रार हो गए वहीं घटना को लेकर पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल कर रहे है आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तहसीलदार का फोन आया, 5 मिनट बाद हार्ट अटैक से बीएलओ की मौत

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** खंडार उपखंड के बहरावंडा खुर्द गांव में बुधवार को बूथ लेवल अधिकारी हरिओम बैरवा की अचानक हुई मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। 36 वर्षीय हरिओम घर पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े, परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, लेकिन परिजनों ने इस घटना के लिए मानसिक दबाव को जिम्मेदार ठहराया है।

मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और परिजनों ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची संशोधन का कार्य हरिओम के जिम्मे था। परिजनों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से एसडीएम और तहसीलदार कार्य को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे, जिससे वह तनाव में था और घर पर किसी से सामान्य रूप से बात भी नहीं कर पा रहा था। परिजनों के अनुसार, बुधवार को तहसीलदार का फोन आया था। कॉल समाप्त होने के करीब 5 मिनट बाद हरिओम की तबीयत बिगड़ी और हार्ट अटैक के चलते उनकी मौत हो गई। परिवार ने इसे प्रशासनिक दबाव का परिणाम बताते हुए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

तहसीलदार जयप्रकाश रोलन ने परिजनों के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि हरिओम एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी थे और वे सिर्फ उच्च अधिकारियों से मिले निर्देशों को साझा कर रहे थे। दबाव बनाने जैसी कोई स्थिति नहीं थी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने बीएलओ रमाकान्त सैनी को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को एनआईसी कक्ष में एसआईआर 2026 के तहत जिले के मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 33 के बीएलओ रमाकान्त सैनी को शत-प्रतिशत कार्य करने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान श्री नवीन महाजन द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ रमाकान्त सैनी के उल्लेखनीय कार्य को सराहा। साथ ही जिम्मेदारी के साथ अपने परिवेश के लोगों को एसआईआर 2026 के दौरान आवश्यक रुप से गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने बीएलओ रमाकान्त सैनी को अन्य बीएलओ को भी प्रभावी रणनीति से गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य को पूर्ण करने में सहयोग करने के लिए कहा। बीएलओ रमाकान्त सैनी ने एसआईआर कार्य के दौरान अपने अनुभव साझा कर बताया कि उन्होंने अपने ईआरओ कपिल शर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाइज करने के कार्य को टीम भावना से किया। बार-बार अपने मतदान केन्द्र के लोगों से सम्पर्क कर डिजिटाइजेशन के काम को पूर्ण किया। इस तरह लगातार कार्य करने से 17 नवम्बर तक सभी मतदाताओं के डिजिटाइजेशन के कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कर लिया।

## श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया के दानपात्रों में राशि की गणना 24 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** देवस्थान विभाग अजमेर के सहायक आयुक्त ने सार्वजनिक प्रन्यास श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया में दैनिक कार्य को सुचारु रुप से सम्पादित करने के लिए उपखंड अधिकारी निवाई को प्रतिनिधि नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत उपखंड अधिकारी निवाई प्रीति मीना ने बताया कि मंदिर में होने वाले भण्डारे में यात्रियों का भोजन, पानी, विद्युत बिल एवं अन्य व्यवस्थाओं में होने वाले खर्च के भुगतान को सुचारु रुप से संपादित करने के लिए मंदिर के दान पात्रों से खर्च राशि जुटाई जानी है। इसी के तहत दान पात्रों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ खुलवाया जाकर प्राप्त राशि को प्रन्यास के बैंक खाते में जमा किया जायेगा। एसडीएम ने बताया कि दानपात्र खुलवाने के लिए प्रशासनिक दल का गठन किया गया है। इसमें पंचायत समिति की विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को अध्यक्ष, नायब तहसीलदार निवाई रामकेश मीना व नायब तहसीलदार दतवास छीतर लाल मीना एवं सहायक कोषाधिकारी निवाई जयनारायण बैरवा को सदस्य नियुक्त किया गया है। गठित दल सोमवार, 24 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे सार्वजनिक प्रन्यास श्री देवनारायण मंदिर जोधपुरिया में उपस्थित होकर भेंट/दानपात्रों को खुलवाकर प्राप्त राशि की पूर्ण पारदर्शिता से गणना करवाकर प्रन्यास के बैंक खाते में जमा करवाना सुनिश्चित करेगें।

**देश की आजादी को लेकर वंदे मातरम गीत गाते लोग हो गए शहीद**

# भारत का गणतंत्र -एक सुनहरी यात्राःविद्यार्थी व आमजन राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाएं : डॉ. किरोड़ी लाल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वंदे मातरम गीत के जरिए देश की आजादी को लेकर वंदे मातरम गीत गाते हुए बहुत लोग शहीद हो गए। इस गीत ने देश के क्रान्तीकारियों को देश प्रेम एवं देश को आजादी दिलाने के लिए प्रेरित किया। यह विचार गुरुवार को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से शहीद कैप्टन रिपुदमन राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर के सभागार में भारत का गणतंत्र-एक सुनहरी यात्रा एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 बर्ष ,भारतीय सविंधान की 75 बर्ष की यात्रा विषयों पर केंद्रित दो दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने व्यक्त किए। प्रारम्भ में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से प्रदर्शनी का उदघाटन किया। उन्होने कहा की यह गीत राष्ट्रभक्ति के भाव पैदा करता है और हमे प्रेरणा देता है कि हमारा देश अखण्ड बना रहे इसके लिए देश के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करता हे। उन्होने कहा की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो-क्षेत्रीय कार्यालय, सवाई माधोपुर द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में देश की आजादी से लेकर आज तक देश में सरकारों द्वारा किये गये विकास कार्यो एवं उपलब्धियों को बेहतर तरिके से दर्शाया गया है। प्रारम्भ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा एवं सवाई माधोपुर के सहायक निदेशक आर.एल. मीणा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार की योजनाओ एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 बर्ष ,भारतीय सविंधान की 75 बर्ष की यात्रा विषयों पर केंद्रित है।

**प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र :** प्रदर्शनी के दौरान भारत का गणतंत्र -एक सुनहरी यात्रा एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 बर्ष ,भारतीय सविंधान की 75 बर्ष की यात्रा विषयों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**जागरूकता रैली का हुआ आयोजन :** भारत का गणतंत्र-एक सुनहरी यात्रा एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 बर्ष ,भारतीय सविंधान की 75 बर्ष की यात्रा पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृखंला में गुरुवार को राजकीय महाविधालय में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला प्रमुख सुदामा देवी, सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा, राजकीय महाविधालय के प्राचार्य गोपाल सिंह एवं राजकीय गर्ल्स महाविद्यालय के प्रिसिपल धीरेन्द्र सिंह, सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय प्रचार सहायक नेमीचंद मीणा एवं प्रेम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उदघाटन कार्यक्रम में जिला प्रमुख सुदामा देवी, नगर परिषद सभापति सुनील कुमार तिलकर, राजकीय महाविधालय के प्राचार्य गोपाल सिंह एवं राजकीय गर्ल्स महाविद्यालय के प्रिसिंपल धीरेन्द्र सिंह तथा युवा एवं खेल विभाग के उप सचिव विक्रम गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए।

## आत्म निर्भर भारत का सपना तब साकार जब देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें : निमिषा गौड़

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि महिला सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश नेत्री निमिषा गौड़ उपस्थित रहीं ! वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की एवं विशिष्ट अतिथि महिला सम्मेलन कार्यक्रम की संयोजक मंजू गुर्जर उपस्थित रही । प्रदेश नेत्री निमिषा गौड़ ने महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिस कारण आज महिलाएं विज्ञान, राजनीति, व्यापार और समाज सेवा में नई ऊंचाइयां छू रही हैं, कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा महिलाओं को संगठन और समाज दोनों में अग्रणी भूमिका दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'उज्ज्वला योजना' तक ने लाखों महिलाओं के जीवन में बदलाव लाया है, उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नारी शक्ति की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्त भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग ,सत्यनारायण धाकड़, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, प्रधान बामनवास शशिकला मीना, जिला उपाध्यक्ष मीरा सैनी, जिला मंत्री प्रेम देवी, जिला प्रवक्ता गीता सैनी, पूर्व सभापति विमला शर्मा, सन्तोष मथुरिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव, राधा दीक्षित, गौरन्ती मीना, सावित्री शर्मा, ममता मीणा, कमला मीणा, मंजू देवी, कृष्णा देवी, अर्चना देवी, पुष्पा मीणा, संध्या शर्मा, पुष्पा शर्मा, उर्मिला गुर्जर, सीताराम शुक्ला आदि उपस्थित रहे ।

## रसूखदारों के आगे बेबसीः मेहंदीबाग पर अतिक्रमियों का कब्जा, मेडिकल माफियाओं ने जमाएं पैर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** नगर परिषद इलाके में इन दिनों में अस्थाई अतिक्रमण के साथ स्थाई अतिक्रमण ने अपनी जड़े पूरी तरह से जमा ली। अब शहर के घनी आबादी इलाके मेहंदीबाग में मेडिकल और लेबोरेट्री संचालकों द्वारा अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने गुरूवार को नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी और टोंक सिटी सर्किल ऑफिसर राजेश विद्यार्थी को लिखित शिकायत कर अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पटेल सर्किल से मेहंदीबाग इलाके में दो दर्जन से ज्यादा मेडिकल और लेबोरेट्री संचालक स्थापित है और यहां पर सआदत के साथ जनाना अस्पताल में पदास्थापित डॉक्टर अपनी क्लिनिक लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते है। लेकिन इन भवनों के मालिकों द्वारा बरसाती नाले और आम रास्ते पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। कई बार अधिकारियों को शिकायत दे चुके है, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज करवा चुके है, लेकिन राजनीतिक रसूखात होने के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी ने अवैध अतिक्रमण को चिन्हिन कर अतिशीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए है। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण चाहे स्थाई हो या अस्थाई शहर में कही पर भी बर्दाश्त नहीं करेंगे, अतिक्रमियों की सीधी नसीहत है कि वो अपने अतिक्रमण खुद हटा ले नहीं तो नगर परिषद नियमानुसार कार्रवाई करने में देरी नहीं करेगी।

## खिलचीपुर ग्राम पंचायत में अतिरिक्त आयुक्त का निरीक्षण, व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव ब्रजेश कुमार चांदोलिया ने गुरुवार को सवाईमाधोपुर की ग्राम पंचायत शिवाड़ एवं ग्राम पंचायत खिलचीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स, पिंक टॉयलेट, घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था तथा दैनिक सफाई की स्थिति का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान आमजन से फीडबैक लेते हुए ग्राम पंचायत के विभिन्न रजिस्टरों एवं रिकॉर्ड की भी जांच की गई। निरीक्षण के अंत में चांदोलिया ने ग्राम विकास अधिकारी एवं प्रशासक को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए स्वच्छता एवं पंचायत व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी इंद्राज मीना, सहायक अभियंता आनंदी लाल मीना, कनिष्ठ सहायक निकिता मीना, सरपंच राजेन्द्र माली, ग्राम विकास अधिकारी जयपाल मीना तथा नरेश कुमार उपस्थित रहे।

## टोंक जिले में 134.74 करोड़ की लागत से बन रहा हाईलेवल ब्रिज अंतिम चरण में, सैकड़ों गांवों को जल्द मिलेगी बड़ी राहत

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक जिले में 134.74 करोड़ की लागत से दो किलोमीटर तक बन रहे हाईलेवल ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, अब टोंक जिले के सैकड़ो गांव और आसपास के जिलों को हाई ब्रिज से सुगम यात्रा करने की सुविधा जल्द ही मिल सकेगी। हम आपको बता दें कि टोंक जिला मुख्यालय के सैकड़ो गांव को जोडने वाला गहलोद घाट क्षेत्र में बने तीन रपट हर बारिश के दौरान पानी में डूब जाते तो इनमें कुछ रपट पानी तेज के बहाव से बह जाते। इससे तीनों रपट पर पानी का तेज बहाव होने के कारण टोंक- गहलोद मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता था। इस कारण जिला मुख्यालय से हर बार टोडारायसिंह, मालपुरा, डिग्गी, नानेर, झिराना, गहलोद, व पीपलू सहित अन्य गांवों व कस्बों के लोगों को पत्थरों के बीच उबड़-खाबड़ वैकल्पिक मार्गों से लम्बा सफर तय करना पड़ता था। 134.74 करोड़ की लागत से बनने वाले इस ब्रिज का निर्माण कार्य 8 नवम्बर 2021 को शुरू हुआ था जिसका निर्माण कार्य मई 2024 तक पूरा करना था। लेकिन संबंधित फर्म ने निर्माण में देरी की ओर से विभाग ने उसे फिर से मोहलत दे दी। इसके बाद मार्च 2025 तक का समय दिया गया। लेकिन अभी भी निर्माण पूरा नहीं हुआ है।

हालांकि इस पुल की एप्रोच रोड का एक हिस्से का कार्य प्रगति पर है, और प्रशासन उद्घाटन से पूर्व ही 2 किलोमीटर लंबे इस पुल से हल्के दुपहिया ओर चौपहिया का आवागमन शुरू कर दिया है, जिससे टोंक जिले वासियों को आवागमन में होने वाली परेशानी से निजात मिली है। तों वहीं टोडारायसिंह, मालपुरा व पीपलू ब्लॉक के दर्जनों गांवों के लोगों की जिला मुख्यालय के लिए 30-35 किलोमीटर की दूरी कम होने से लोगों का समय व पैसा भी बचा ओर पुल के बनने से विभाग की ओर से बनास के रपट की मरम्मत के लिए प्रतिवर्ष खर्च की जाने वाली राशि से भी राहत मिली है।

**रेलवे ने दिए आश्वासन**

# गंगापुर सिटी रेल विकास को गति देने हेतु क्षेत्रीय विकास मंच ने सौंपे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** क्षेत्रीय विकास मंच समिति, गंगापुर सिटी ने रेलवे से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर दो विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए रेल मंत्रालय के सार्वजनिक शिकायत प्रकोष्ठ के कार्यकारी निदेशक विकास कुमार जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्र की रेल सुविधाओं, विकास कार्यों और लम्बित परियोजनाओं से अवगत कराया।

समिति ने गंगापुर सिटी में मालगाडियों के संचालन हेतु मुख्यालय पुनः स्थापित करने, नया माल गोदाम बनाने और स्टेशन परिसर में उपलब्ध विशाल खाली रेलवे भूमि के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता पर विस्तृत तथ्य प्रस्तुत किए। गंगापुर सिटी दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग का महत्वपूर्ण जंक्शन होने के बावजूद पूर्व का विशाल माल यार्ड व गोदाम सीमित होता जा रहा है, जिसे आधुनिक रूप में विकसित करना क्षेत्र व रेलवे दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। दूसरे ज्ञापन में समिति ने धौलपुर-गंगापुर सिटी नई रेल लाइन परियोजना के द्वितीय चरण की डीपीआर विगत 18 माह से लंबित रहने पर चिंता जताई। वर्ष 2011 में स्वीकृत इस परियोजना का प्रथम चरण लगभग पूर्ण है, परंतु द्वितीय चरण (सर मथुरा-गंगापुर सिटी) की स्वीकृति न मिलने से रेलवे को लगभग 20 अरब रुपये की हानि, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में देरी और औद्योगिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव का खतरा है। समिति ने इस देरी के कारणों की ष्टक्चद्ब या केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जांच की मांग रखते हुए कहा कि बिना स्वीकृति के परियोजना के वास्तविक लाभ क्षेत्र तक नहीं पहुँच पाएंगे।

बैठक के दौरान विकास कुमार जैन ने समिति की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कई महत्वपूर्ण आश्वासन भी दिए। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी में नई लूप लाइनों का निर्माण शीघ्र शुरू होने जा रहा है, जिससे मालगाडियों व यात्री ट्रेनों की आवाजाही में और अधिक सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि दौसा-गंगापुर सिटी रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूर्ण होने वाला है, अब इस रूट पर अधिक संख्या में ट्रेनों का संचालन संभव होगा।

प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र विकास मंच के संस्थापक डॉ. हेमंत शर्मा, अध्यक्ष श्यामलाल मीणा, कोषाध्यक्ष घनश्याम मेठी, संरक्षक ईश्वर लाल शर्मा, प्रहलाद लाल गुप्ता, मटरू मल मीणा, समाजसेवी नरेश दुबे, पत्रकार लक्ष्मीकांत शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि रेलवे मंत्रालय शीघ्र निर्णय लेकर गंगापुर सिटी के रेल नेटवर्क, व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई दिशा देगा और पूर्वी राजस्थान के विकास को गति प्रदान करेगा।

# हाईवे पर लाठी के जोर पर वाहन चालकों से राशि वसूली

## परिवहन विभाग के लठैत ट्रकों से वसूल रहे एंट्री फीस





बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** हाईवे पर दौड़ रहे वाहनों से परिवहन विभाग की एंट्री वसूली कोई नई बात नहीं है। एक बार फिर इसी तरह का मामला सामने आया है। एक ट्रक चालक के साथ हुई बदसलूकी का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें लाठी के जोर पर ट्रक रूकवाने एवं एंट्री मांग रहे कर्मचारी के साथ ट्रक चालक की बहस होती नजर आया है। मामला राजस्थान-गुजरात सीमा पर मावल (आबूरोड) का बताया जा रहा है। इसमें ट्रक रूकवाने से नाराज हुए चालक ने वीडियो बना लिया तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### लाठी मारी तो भड़क गया ट्रक चालक

वीडियो के अनुसार फोरलेन पर खड़े कार्मिक ने लाठी मारकर ट्रक रूकवाने का प्रयास किया। इस पर चालक भड़क गया तथा ट्रक पर लाठी मारने पर गुस्सा जताया। उसने वीडियो बनाते हुए अपशब्द कहे तथा एंट्री के नाम पर रुपए मांगने का आरोप लगाया। उसका कहना रहा कि महीने में चार.-पांच बार यहां से गुजरते हैं हर बार कहां से पैसे दिए जाए।

### रॉंग साइड के चक्कर में बढ़ रहे हादसे

कई बार परिवहन विभाग की एंट्री के चक्कर में सड़क हादसे हो रहे हैं। मावल के समीप पहले भी इस तरह से हादसे हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही एंट्री वसूली से बचने की खातिर एक ट्रोलर चालक ने कई किमी तक अपना वाहन गलत दिशा में चलाया। परिवहन विभाग दस्ते ने पीछा कर पकड़ा।

**ऐसी कोई बात नहीं ...**

एंट्री वसूली जैसी कोई बात नहीं है। वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दस्तावेज जांचने के लिए रूकवाने पर चालक कार्मिकों से गाली-गलौज कर रहा है। परिवहन निरीक्षक को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करना चाहिए था।

**- ओमप्रकाश चौधरी**
**जिला परिवहन अधिकारी, आबूरोड**

## अनूपगढ़ के राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण बारुपाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) अनूपगढ़ परिक्षेत्र जिला अध्यक्ष जोतराम बाबरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को एक विस्तृत ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के मार्फत प्रेषित किया गया, ज्ञापन में जिसमें एसआईआर (विशेष गहन निरीक्षण) कार्यक्रम के दौरान बीएलओ पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव, अव्यावहारिक लक्ष्यों, सस्पेंशन की धमकियों तथा जयपुर के बीएलओ मुकेश कुमार जांगिड़ की मृत्यु जैसे गंभीर मुद्दों पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। संगठन ने बताया कि बीएलओ की कार्य-स्थितियाँ अत्यंत चिंतनीय स्तर तक पहुंच चुकी हैं—उनसे कम समय में उच्च लक्ष्य हासिल करवाए जा रहे हैं, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर सार्वजनिक होने से वे सुबह से देर रात तक लगातार कॉल अटेंड कर रहे हैं और टैब उपलब्ध न होने पर लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन पर कार्य करने से उनका स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। सप्ताह के सातों दिन लगातार ड्यूटी के चलते वे पारिवारिक दायित्वों तक में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, जो कि मानव संसाधन प्रबंधन सिद्धांत के विरुद्ध है इससे उनका सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि अमानवीय दबाव, असंभव लक्ष्य और बार-बार की सस्पेंशन धमकियों से उत्पन्न हालात ने बीएलओ की कार्य-जीवन को संकट में डाल दिया है, जिसका सबसे दर्दनाक उदाहरण जयपुर निवासी बीएलओ मुकेश जांगिड़ की आत्महत्या है। एसडीएम ने मामले को लेकर घड़साना एसडीएम तथा थाना अधिकारी की संयुक्त जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री गणपतराज ब्यावत, संयुक्त मंत्री जगदीश रोलन, पूर्व अध्यक्ष रामकिशन बसोड, शाखा अध्यक्ष सुनील बावरी, अनुप लीडिया, रामचंद्र चौहान, ओम बरोड़, राजेश मीणा, रत्तीराम इंडलिया, घासीलाल मीणा, दिलीप भाटी, चेतन शीला, इमी लाल पांडर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने गुरूवार को बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ, वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र, तुलसी का पौधा और पुरस्कार देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। निर्वाचन विभाग राजस्थान की वीसी के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त कार्मिक राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में कई बीएलओ द्वारा ईएफ वितरण, डिजिटाइजेशन में शत-प्रतिशत कार्य किया गया है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 8 के निरंजन राम, भाग संख्या 178 के जयपाल शर्मा, भाग संख्या 244 के श्री अमर सिंह, भाग संख्या 249 के कैलाश कुमार और रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 252 के श्री घडसीराम सहित वॉलिंटियर्स को सम्मानित और प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ से आह्वान किया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्य बीएलओ का उक्त कार्यों में सहयोग करें। सभी मिलकर कार्य करेंगे तो जिले में एसआईआर कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकेगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ गिरधर, गंगानगर ईआरओ नयन गौतम, प्रशिक्षु आईएएस श्रीमती अदिति यादव, रायसिंहनगर ईआरओ सुभाष चन्द्र, पदमपुर एसडीएम अजीत गोदारा सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्टार हेल्थ एंड एलाईड इंश्योरेंस कम्पनी ने किया 1 करोड की बीमा राशि का क्लेम निपटारा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** स्टार हेल्थ एंड एलाईड इंश्योरेंस कम्पनी की ओर से कांतिलाल जैन की पत्नी को 1 करोड़ रूपयें का बीमे की क्लेम राशि का गुरुवार को चैक प्रदान किया गया। स्टार हेल्थ एंड एलाईड इंश्योरेंस कम्पनी के जोनल हेड अंकित अग्रवाल ने बताया कि जीवन अनमोल है, इसकी तुलना किसी भी धन सम्पदा व करोडों रूपयों की धनराशि से कभी नहीं की जा सकती है परन्तु सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पर्याप्त राशि का अपना महत्व है, यही कार्य स्टार हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा किया जा रहा है। कम्पनी की उदयपुर शाखा के अभिकर्ता हेमंत जैन द्वारा कांतिलाल जैन का 1 करोड रूपये का बीमा किया गया था। पॉलिसी में क्लेम आने पर कंपनी द्वारा बीमाधारक को 1 करोड़ की क्लेम राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के सहायक टेरिटरी हेड विकास तलेसरा मुख्य विक्रय प्रबंधक रिजवान अहमद एवं वरिष्ठ प्रशिक्षण प्रबंधक संजय शर्मा उपस्थित रहे।

## मंदिर एवं बावड़ियों की सफाई की, अब तक 41 की हुई सफाई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर दृष्टि ने आज अपने सदस्यो के माध्यम से मीरा नगर और सुखेर के मंदिरो और बावरियों की सफाई की। अभी तक कुल 41 मंदिरों या बावड़ियों की सफाई हो चुकी है। रोटरी के नए सत्र में 101 बावड़ियो की सफाई करने का लक्ष्य रखा है।

क्लब संरक्षक डॉ.स्वीटी छाबड़ा, अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह कृष्णावत, सार्जेन्ट एट आर्म्स वैशाली मोटवानी, सचिव मोहित राजानी, क्लनब की ब्रांड अम्बेसडर प्रियंका कोठारी, सहायक प्रान्तपाल यश कुनावत सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। डॉ.स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि 16 जनवरी 2026 से क्लब नया प्रोजेक्ट लॉन्च करेगा। जिसमें हम सामूहिक विवाह करवाएंगे। यह प्रोजेक्ट क्लब में आजीवन काल तक चलेगा।

## अखाड़ा परिषद पावटा में बीएसएफ सब इंस्पेक्टर बने मुनेश गठाला का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अखाड़ा परिषद् पावटा में ग्राम पंचायत बड़नगर के अवधपुरी निवासी मुनेश कुमार गठाला पुत्र शीशराम गठाला का बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साधारण गरीब एवं किसान परिवार से संबंध रखने वाले मुनेश ने कठिन परिस्थितियों व प्रतियोगी माहौल के बीच अथक संघर्ष कर यह उपलब्धि हासिल की है। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने उनका माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम को कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला के नेतृत्व में संपन्न किया गया। जल प्रहरी एवं नंगे पैर यात्री दीप सिंह शेखावत ने कहा कि गरीब परिवार में जन्म लेकर मुनेश ने कड़ी मेहनत के दम पर देश सेवा का मार्ग चुना है, जिसने पूरे बड़नगर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला एवं पूर्व प्रधानाचार्य शंभू दयाल गढ़वाल ने कहा कि सत्ताईसा क्षेत्र प्रतिभाओं की भूमि रहा है, जहां से हर वर्ष युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इलाके का नाम रोशन कर रहे हैं। नव चयनित सब इंस्पेक्टर मुनेश कुमार गठाला ने अपने माता-पिता व बुजुर्गों के आशीर्वाद को इस सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि मैं देश सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्यों का निर्वहन कर क्षेत्र का नाम रौशन करूंगा। अपना सम्मान पाकर वे भावुक हो उठे और सभी वरिष्ठों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामेश्वर बाजिया (रिटायर्ड सीआई), जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला, पूर्व प्रधानाचार्य शंभू दयाल गढ़वाल, समाजसेवी दयाचंद राठी, किसान नेता नारायण गठाला, युवा नेता मंजीत खोजा, मक्खन लाल सैनी, हनुमान लील, बूथ अध्यक्ष हरिराम गठाला, छाजूराम फोगाट, बहादुर जांगिड़, चंद्राराम निठारवाल, गुरुचरण कुमावत, महेश यादव, मुकेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### साकार करें विकसित भारत का सपना

## पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने किया आधुनिक ई-लाईब्रेरी का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शिवगंज राजकीय महाविद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से निर्मित ई-लाईब्रेरी का फीता काटकर लोकार्पण किया। समारोह में उन्होंने भामाशाहों के इस योगदान को अपूर्व और अनुकरणीय बताया। साथ ही युवाओं से अध्ययन में ई-संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए विकसित भारत अभियान को साकार रूप देने का आह्वान किया। कहा कि युवा अपना रचनात्मक योगदान दें। महाविद्यालय में दो नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण विधायक कोष से कराने की घोषणा की।

### ई-लाईब्रेरी में लगे हैं 16 कम्प्यूटर

प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने भामाशाहों के योगदान की सराहना करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। बताया कि 16 कम्प्यूटरों से सुसज्जित ई-लाईब्रेरी का निर्माण मदनपुरी गोस्वामी, सोमदेव आर्य, रमेशकुमार संघवी, सुकनराज जैन, पोपटलाल संघवी, चन्द्रकान्त सोलंकी के सहयोग से हुआ है। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जयश्री, कृतिका, राजेन्द्र सोलंकी, पवन ऐचरा, नरेन्द्र जैन समेत अन्य का स्वागत किया गया।डॉ. नरपतसिंह देवड़ा, डॉ.भूपेश डी वर्मा, विकास समिति सदस्य कुलदीपसिंह, प्रदीप प्रजापत, मोहनलाल सोनी, करणसिंह, उषा सोनी, तेजकंवर गोस्वामी, लक्ष्मीनारायण गहलोत समेत कई लोग मौजूद रहे।

# यहां बीस दिन में पटाक्षेप और वहां तीन माह से जांच ही चल रही

- जावाल देवालय में चोरी मामले का पुलिस ने किया राजफाश
- जुबलीगंज में प्रवासी के घर हुई चोरी का नहीं हो पाया खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** बरलूट थाना क्षेत्र के जावाल गांव स्थित देवालय में चोरी की वारदात का पुलिस ने महज बीस दिन में ही पटाक्षेप कर दिया, लेकिन कैलाशनगर क्षेत्र के जुबलीगंज में तीन माह पहले हुई वारदात के मामले में आज भी खाली हाथ ही है। जावाल मामले का खुलासा होते ही पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत की। चोरी के राजफाश को लेकर जांच अधिकारियों की जमकर सराहना की, लेकिन जुबलीगंज मामले में इतना ही बता पाए कि जांच चल रही है। अब यह जांच कब तक चलेगी और जांच अधिकारी जावाल की तरह ही अपने अधिकारी से सराहना कब पाएंगे यह कहना मुश्किल है।

### कब खुलेगा जुबलीगंज चोरी का राज

उल्लेखनीय है कि जुबलीगंज गांव में गत 18 अगस्त की रात को भबूताराम पुत्र कानाराम घांची के घर में चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित ने बताया कि उनके घर से चोर करीब दस लाख रुपए मूल्य के जेवरात व नकदी आदि चुरा ले गए। व्यवसाय के सिलसिले में वे अन्य प्रांत में रहते हैं और इस तरह की वारदातों से प्रवासी भयभीत है। पुलिस थाने के लगातार चक्कर काटने के बाद भी इस मामले का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।




### एसपी ने की पुलिस टीम की सराहना

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जावाल के अम्बाजी मंदिर चोरी मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर पूर्व में भी चोरी के कई मामले दर्ज है तथा अन्य कई मामलों में इनकी तलाश की जा रही थी। उन्होंने डीएसपी मुकेश चौधरी के प्रयासों के सराहना करते हुए बताया कि मामले को लेकर पूरी टीम ने जावाल में डेरा डाल रखा था। टीम में थानाधिकारी जितेंद्रसिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### चौकीदार को बंधक बनाकर चुरा ले गए

पुलिस के अनुसार जावाल निवासी सुनीलकुमार जैन ने रिपोर्ट देकर बताया था कि गत 5 नवम्बर को अम्बाजी जैन मंदिर में चौकीदार रूपाराम माली सो रहा था। इस दौरान मध्यरात्रि को कुछ युवक आए तथा उसका मोबाइल व नकदी ले ली। उसे कमरे में बंद कर मंदिर के दरवाजे तोड़े तथा मूर्तियों के आभूषण चुरा ले गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में अन्य कई वारदातों का भी खुलासा होने का अनुमान है।

# टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट कार्यालय माली कोलोनी में लोकेश चैधरी के अध्यक्षता में हुई। महापंचायत ट्रस्ट के प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में अपनी मांगों को आयोग के समक्ष रखी जाएगी। टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी का आरक्षण 0 प्रतिशत कर दिया गया है, उसे जनसंख्या के अनुपात या मंडल आयोग की सिफारिश के अनुसार 27 प्रतिशत किया जाए।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग लघु उद्यमी के रूप में कार्य करते हैं । और अपने कार्यों में कुशलता रखते हैं ।अतः उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए 10 करोड रुपए तक का ऋण 3 प्रतिशत ब्याज पर अनुदान आधारित दिया जाए।अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र की मान्यता आजीवन या 5 वर्ष किया जाए। क्रीम लेयर की आय 8 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए वार्षिक किया जाए। पंचायती राज एवं स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण मंडल आयोग की सिफारिश के अनुसार 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।

बैठक में महापंचायत के संस्थापक दिनेश माली ,अध्यक्ष लोकेश चैधरी, सरक्षक रमाकांत सुथार व पी एस पटेल, राजेंद्र सेन, सूर्य प्रकाश सुहालका, बालकृष्ण सुहालका, महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीबेन पटेल, धारावती सुहालका, शर्मिला माली, गंगा देवी माली,पुजा टेलर, जयमाला छपरवाल, मंजू सुथार सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।



## नयम विरुद्ध चल रही बाल वाहिनियों पर कार्रवाई के निर्देश

### जिला स्तरीय बैठक में एडीएम ने जानी व्यवस्थाएं

**सिरोही ( नि.स. )।** जिला स्तरीय बालवाहिनी योजना की बैठक में नियम विरुद्ध चल रही बाल वाहिनियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने की। उन्होंने बाल वाहिनियों में किए गए प्रबंधों को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाल वाहिनी को तय मापदंड के अनुसार संचालन करें। वाहिनी में प्राथमिक उपचार किट, महिला अटेंडेंट व कंडक्टर तथा वाहन चालकों का पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं वाहन को निर्धारित गति से अधिक नहीं चलाने के निर्देश दिए। ऑटो रिक्शा में ऑवर क्राउडिंग होने से दुर्घटना की आशंका रहती है। ऐसे में अवैध व नियम विरुद्ध संचालित बाल वाहिनियों पर प्रभावी कार्रवई की जाएं। वाहन चालकों के मेडिकल जांच व आंखों की जांच के लिए ब्लॉकवार शिविर लगाने एवं संस्था प्रधानों को वाहन का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधा बहाली के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया, जिला परिवहन अधिकारी रामेश्वरप्रसाद वैष्णव ने भी विचार व्यक्त किए।

# जनसंघर्ष का प्रतीक: सुखविंदर सिंह 'सुखा' की कहानी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पंचायत समिति के अन्तर्गत रामसिंहपुर कस्बे की समस्याओं को लेकर आमजन की आवाज़ बनकर सामने आने वाले सुखविंदर सिंह 'सुखा' आज भी सामाजिक संघर्षों की पहचान बने हुए हैं। वर्षों से ग्रामीण मुद्दों, विकास कार्यों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ बेख़ौफ़ होकर आवाज़ उठाने वाले सुखा ने हमेशा जनता के हित को प्राथमिकता दी है। अनूपगढ़ पंचायत समिति के अंतर्गत मंडी क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति को लेकर जब ग्रामीण परेशान थे, तब सुखा ने बिना किसी भय के भ्रष्टाचार का विरोध किया। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा की जा रही अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार का खुलासा करने के लिए वे आमरण अनशन पर तक बैठ गए। यह कदम उनके अटूट संकल्प और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुखविंदर सिंह लंबे समय तक कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) से जुड़े रहे, यही कारण है कि आज भी लोग उन्हें सम्मानपूर्वक 'सुखा कामरेड' के नाम से जानते हैं। राजनीतिक विचारधारा में बदलाव के बावजूद संघर्ष की उनकी सोच और जनहित के लिए लड़ने का जज़्बा आज भी वैसा ही है। हालांकि अब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर नई राजनीतिक पारी की शुरुआत की है, लेकिन ग्रामीणों के प्रति उनकी निष्ठा और जमीनी जुड़ाव पहले की तरह अटूट है। सुखा ने दो बार सरपंच पद के चुनाव भी लड़े, हालांकि जनता ने उन्हें विजयी नहीं बनाया। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी, न ही जनता से दूरी बनाई। चुनाव परिणामों के बावजूद सुखा ने हमेशा जनहित के मुद्दों पर डटे रहकर यह साबित किया कि नेतृत्व का असली अर्थ केवल कुर्सी नहीं, बल्कि लोगों की सेवा है। ग्रामीण आज भी उनके संघर्ष, साहस और साफ-सुथरी छवि का सम्मान करते हैं। गांव और मंडी क्षेत्र में सुखा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं, जो चाहे सत्ता में रहे या न रहे—हमेशा आमजन की आवाज़ बनकर खड़ा रहता है। यही है सुखविंदर सिंह 'सुखा' की कहानी—एक आम इंसान, लेकिन असाधारण हिम्मत और जनसेवा की भावना से भरा हुआ।



## माघ कृष्णा अमावस्या पर श्री निमडिय़ा भैरव देव मंदिर पर हुआ विशेष पूजा अर्चना का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** गुरुवार को माघ मास की कृष्णा अमावस्या के पावन अवसर पर श्री जैन दिवाकर कमल गौ शाला के समीप स्थित श्री निमडिया भैरव देव मंदिर पर भैरव भक्तों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर श्री निमडिया भैरव भक्तों की उपस्थिति में दीपक वैष्णव एवं पं. शम्भूनाथ के द्वारा श्री भैरव देव की महाआरती की गई, ततपश्चात उपस्थित भैरव भक्तों ने श्री भैरव देव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में निम्बाहेड़ा नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के सैंकड़ो भैरव भक्त मौजूद रहे। इससे एक दिन पूर्व बुधवार को चतुर्दशी की संध्या श्री निमडिया भैरव देव जी की प्रतिमा का मनमोहक एवं विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे भक्त निहारकर मंत्रमुग्ध हो गए।

## चन्देरिया खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सहायक तकनीकी अधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) । खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक राजस्थान में किया जाएगा। एथलेटिक्स इवेंट सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक होगा। इसमें भीलवाड़ा के शंकर चन्देरिया एथलेटिक्स खेल में सहायक तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवाएं देंगे। चन्देरिया इससे पूर्व भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, एसजीएफआई स्कूल गेम्स, अखिल भारतीय सिविल सर्विस गेम्स सहित कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तकनीकी अधिकारी रह चुके हैं। वे वर्तमान में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं।

## रोडवेज बस स्टैंड के बाहर स्थित तीन प्रतिष्ठानों से चार बाल श्रमिक मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** । रोडवेज बस स्टैंड के बाहर विभिन्न प्रतिष्ठानों पर बाल श्रमिकों के कार्यरत होने की सूचना पर बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कार्रवाई के दौरान श्री देव टी स्टॉल से एक, श्री जोगणिया कचौरी से दो तथा संतोषी चाट भंडार से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया।

मुक्त कराए गए सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आगे की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। रेस्क्यू ऑपरेशन में श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक आशीष कुमार यादव एवं महेन्द्र चौहान, मानव तस्करी विरोधी इकाई के एएसआई ओमप्रकाश सेन और हेड कॉन्स्टेबल मुकेश पारीक शामिल रहे। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया और सुपरवाइजर राजेश खोईवाल भी मौके पर मौजूद रहे।

## चिकित्सालय के बाहर चोरी की 'इलाज-रहित बीमारी'-पुलिस की नब्ज़ अब भी ठंडी

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर के बाहर दुपहिया वाहनों की लगातार हो रही चोरी ने मरीजों और उनके परिजनों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन वाहनों के गायब होने का सिलसिला जारी है और अब तक तीन दुपहिया वाहन चोरों के हत्थे चढ़ चुके हैं पर चोरी की वारदातें इतनी 'हिम्मत' से हो रही हैं मानो चोरों को किसी का डर ही नहीं सोचने की बात यह है कि चिकित्सालय से कुछ ही दूरी पर सीटी थाना भी मौजूद है और पास में डिप्टी ऑफिस भी, लेकिन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें लगता है मानो यह क्षेत्र 'नो पुलिस ज़ोन' घोषित कर दिया गया हो। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली और सक्रियता पर सवालिया निशान उठना स्वाभाविक है।मुख्य भगत चौराहे के पास लगातार हो रही इन घटनाओं ने शहरवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है ।

### बूंदी शहर एवं बूंदी ब्लॉक का कांग्रेस बी एल ओ प्रशिक्षण संपन्न

# जागरुक होकर अधिक से अधिक वोट जुड़ाएं बीएलओ : शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का बूंदी विधानसभा क्षेत्र का बूंदी शहर एवं बूंदी ब्लॉक का बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए वोट चोरी और एसआईआर पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा, पंचायती राज जिलाअध्यक्ष महावीर मीणा एवं उपसभापति लटूर भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 अधिक बीएलओ ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बीएलओ से जागरुक होकर अधिक से अधिक वोट जुड़ाने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि यह एसआईआर में नाम जुडाने की समस्या ग्रामीण क्षेत्र, जहाँ शिक्षा का अभाव, अन्य पिछड़ा वर्ग, मुस्लिम समुदाय या काम करने वाले व्यक्तियों को आ रही है। सभी बीएलए ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका नाम प्राथमिकता से जुड़वाएं! भाजपा सरकार लगातार गरीब अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के वोट काटने का काम करती आ रही है! आप सभी बीएलए घर-घर जाकर सभी लोगों को चिन्हित करते हुए उनके फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर कार्य कर रहा सत्येश शर्मा बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने संबोधित करते हुए चुनाव निर्वाचन पर भाजपा के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। बिहार में चुनाव निर्वाचन ने बीजेपी के इशारे पर 65 लाख वोट काट दिए! भाजपा सरकार जनता की सरकार नहीं रही है बल्कि चुनाव निर्वाचन का दुरुपयोग कर सत्ताधारी बने रहने की सरकार रह गई है! सत्येश शर्मा ने फॉर्म नंबर 6,7, 8 की जानकारी देते हुए पीसीसी वार रूम की हेल्पलाइन नंबर वह किसी भी समस्या के लिए बूंदी विधानसभा क्षेत्र बीएलओ के व्हाट्सएप ग्रुप की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, वरिष्ठ वार्ड पार्षद टीकम जैन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, मयंक सुवालका, मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह, महावीर गुर्जर, अशोक जैन, राम कैलाश नागर, शहर कांग्रेस कमेटी से संजय शर्मा, मुकेश जैन, राजकुमार सैनी, इश्तियाक अली हारून खान, रिंकू पठान, घनश्याम दुबे, रामफूल मेहरा जावेद, मोईनुद्दीन हसन, राजेन्द्र राठौर, नितेश शर्मा, युवा महासचिव गिरिराज मीणा , सरपंच महावीर, चेतराम रेगर, बालक दास, नेनूराम भील, बाबूलाल गुर्जर, जोधराज गुर्जर, जावेद, कृष्ण गोपाल मीणा, गोबरी मीणा, किशन मीणा, राजेंद्र भारद्वाज, मोहनलाल सुमन, हेमंत कुमार, नंदकिशोर कुशवाह, मदन गुर्जर, जितेंद्र जारवाल व गौरव शर्मा उपस्थित रहे।

## विधायक जीनगर की उपस्थिति में कपासन के राज राजेश्वर तालाब के गेट खोलकर अरनिया बांध हेतु छोड़ा पानी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा विधानसभा क्षेत्र के तालाब भरने हेतु बनास नदी एवं नंदसमंध बांध से पानी लाने का प्रयास हुवे ।जिससे राज्य सरकार द्वारा बजट में लगभग 25 करोड़ का बजट पारित कराया तथा इस वर्ष धमाणा-कपासन फीडर से पानी लाकर कपासन विधानसभा क्षेत्र के तालाब भरे गये ।जिसमें धमाणा तालाब भरने पर 22 सितंबर को कपासन तालाब में पानी चालू किया गया। जिसके बाद कपासन तालाब में लगभग 8.30 फीट पानी भराया तथा गुरुवार 20 नवंबर दोपहर को कपासन राज राजेश्वर तालाब के गेट खोलकर अरनिया बांध हेतु पानी छोड़ा गया।

इस दौरान विधायक जीनगर ने कहाकि राजराजेश्वर तालाब कपासन के गेट खुलने से अरनिया,रेणका खेड़ा,पावटिया, काछियाखेड़ी,रूपाखेड़ी,जेलवालों का खेड़ा,रणछोड़पुरा,भगवानपुरा ,बालारड़ा,पांडोली तक के गांवों में किसानों को फायदा होगा ।इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मीलाल जीनगर,पूर्व पार्षद सोहन खटीक, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतिनिधि आशीष सोनी,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, कुलदीप बारेगामा,सिंदेसर के रामचंद्र जाट,राजू खटीक,शिवलाल सेन,राकेश आचार्य,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य,पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सीरोया,हेमंत सीरोया,महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागडा,अंशु बारेगामा,पार्षद प्रतिनिधि मनीष बारेगामा,भगवती आचार्य,पांडोली के रतन सुखवाल,कालूराम जाट,भैरूलाल जाट रंडियारड़ी,सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता सांवरमल जाट,कनिष्ठ अभियंता गोपाल जाट,कपासन तालाब गेट इंचार्ज सोहनदास वैष्णव आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर सहायक अभियंता सांवरमल जाट ने कहाकि बनास नदी से लगातार पानी की आवक जारी है ।कपासन तालाब में गेट के लेवल 7.30 फीट पानी रिजर्व रहेगा ।उसके ऊपर का पानी अरनिया बांध में जायेगा।

## उपजिला चिकित्सालय माण्डलगढ़ में सीएमएचओ डॉ. गुर्जर का औचक निरीक्षण

### अनाधिकृत रूप से संचालित लैब को तुरंत बंद करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** उपजिला चिकित्सालय माण्डलगढ़ में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसूता कक्ष, लैब, टीकाकरण कक्ष समेत सभी चिकित्सकीय कक्षों का गहन अवलोकन किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव ने बताया कि सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर स्थित ब्लॉक हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण किया और बेहतर संचालन हेतु जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसी दौरान अस्पताल के सामने एक अनाधिकृत लैब संचालित होती पाई गई, जिसमें निर्धारित मानकों का पालन नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने लैब को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया गया कि लैब के पास बायो-वेस्ट निस्तारण हेतु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का ऑथराइजेशन प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था। बायो-मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एमओयू भी नहीं किया गया था। लैब संचालन हेतु आवश्यक रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए, वहीं मौजूद कर्मचारियों के तकनीकी योग्यता दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। इसके अतिरिक्त लैब में चिकित्सक की उपस्थिति नहीं मिली और न ही आवश्यक चिकित्सकीय दस्तावेज उपलब्ध कराए गए।

इन गंभीर कमियों और मानकों का पालन नहीं मिलने पर सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने लैब को तुरंत बंद करने के आदेश जारी किए। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ डॉ. गोपाल यादव सहित अन्य अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे।

## कुलगुरु ने कृषि विज्ञान केंद्र बून्दी का किया अवलोकन, दिए सुधार के महत्वपूर्ण सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कृषि विश्वविद्यालय कोटा की कुलगुरु (वाइस चांसलर) प्रो. विमला डूंकवाल ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) बून्दी का भ्रमण किया और केन्द्र की विभिन्न जीवन्त इकाईयों का गहन निरीक्षण किया। केन्द्र पर पहुंचने पर, सर्वप्रथम वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नीरज हाड़ा और कीट वैज्ञानिक डॉ. हरीश वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलगुरु प्रो. विमला डूंकवाल का स्वागत किया। इसके बाद, उन्होंने केन्द्र के समस्त वैज्ञानिकों के साथ मिलकर विभिन्न जीवन्त इकाईयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित वैज्ञानिकों को उनकी इकाईयों में आवश्यक सुधार करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कुलगुरु द्वारा दिए गए मुख्य सुझाव में प्रो. डूंकवाल ने केन्द्र को प्रगति की ओर ले जाने हेतु कई रचनात्मक सुझाव दिए मातृ वृक्ष इकाई उन्होंने यहाँ हल्दी लगाकर अन्तःशस्य करने की सलाह दी , डेयरी इकाईः केन्द्र की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए, उन्होंने डेयरी इकाई में उत्पादित हो रहे दूध का मूल्य संवर्धन करने का सुझाव दिया। जल प्रबंधनः केन्द्र के प्रक्षेत्र (फार्म) के भ्रमण के दौरान, उन्होंने किसानों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने हेतु फव्वारा पद्धति से सिंचाई कर जल का समुचित उपयोग करने की सलाह दी।

## वर्द्धमान महाविद्यालय में तकनीकी सशक्तिकरण की नई उड़ान, 60 छात्राओं ने बनाई अपनी वेबसाइट

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आईक्यूएसी, बीसीए विभाग एवं वर्डप्रेस कम्यूनिटी के संयुक्त तत्वावधान में वर्डप्रेस द्वारा वेबसाइट निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में 60 से अधिक छात्राओं ने स्वयं की वेबसाइट बनाकर तकनीकी शिक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया वर्डप्रेस कम्यूनिटी से आनंद उपाध्याय, हार्दिक शर्मा, पूजा देराश्री और सतीश प्रजापत ने छात्राओं को थीम, प्लग-इन्स, डिजाइन टूल्स, रेस्पॉन्सिव वेबसाइट निर्माण, डैशबोर्ड प्रबंधन और कस्टमाइजेशन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि थ्योरी और प्रैक्टिकल के बीच की दूरी समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर इंडस्ट्री-रेडी तैयार करना है ताकि वे देश-प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. नीलम लोढ़ा ने कौशल-आधारित सत्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्डप्रेस टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा ने बताया कि छात्राओं को रीयल-टाइम वेबसाइट निर्माण अभ्यासों के साथ ब्लॉगिंग, ई-कॉमर्स, पोर्टफोलियो और डिजिटल मार्केटिंग में वर्डप्रेस के बढ़ते उपयोग की जानकारी भी दी गई कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को ब्रंच और किट्स प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कई छात्राओं ने अपनी वेबसाइट को आगे स्टार्टअप, ब्लॉग या पोर्टफोलियो के रूप में विकसित करने की घोषणा भी की। बीसीए संकाय सदस्य अंजलि कावडिया, राशि सोनी, प्रिया अरोड़ा और रिंकू जांगिड़ का विशेष सहयोग रहा।

**व्यापार मंडल कपासन ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

# अकारण बंद डूंगरपुर-जयपुर वाया कपासन रोड़वेज बस सेवा पुनः शुरू करने की मांग

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** डूंगरपुर से जयपुर वाया कपासन करीब 40 वर्षों से संचालित रोडवेज बस को पुनः संचालित कराने की मांग को लेकर व्यापार मंडल द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार व्यापार मंडल कपासन द्वारा उपखंड कार्यालय पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपा गया ।व्यापार मंडल ने ज्ञापन में बताया कि कपासन से करीब 40 वर्षों से संचालित डूंगरपुर-आगार रोड़वेज बस जो डूंगरपुर से जयपुर वाया कपासन संचालित हो रही थी ।जिसे कुछ माह माह पूर्व बंद कर दिया गया ।उक्त बंद रोड़वेज बस व्यवस्था को पुनः शुरू कराने की मांग ज्ञापन के माध्यम से चालू करवाने के संबंध में उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम को ज्ञापन सौपा गया। व्यापार मण्डल कपासन अध्यक्ष कोमल बारेगामा ने बताया कि कपासन विधानसभा क्षेत्र से एक मात्र सीधी रोड़वेज बस सेवा जो 40 वर्षों से संचालित थी। जिसको विगत कुछ माह से अकारण बंद कर दिया गया है ।साथ ही व्यापार मण्डल अध्यक्ष बारेगामा द्वारा इससे पूर्व डूंगरपुर-आगार चीफ मेनेजर एवं जयपुर राजस्थान रोड़वेज के एमडी व सीएमडी को अवगत कराया गया ।परंतु आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गयी ।जिससे क्षेत्रीय यात्रियों, व्यापारियों एवं नगर वासियों में रोष व्याप्त है ।यहां व्यापारी एवं आमजन सहित श्री सांवलियाजी, दिवाना शाह दरगाह व मातृकुंडिया इत्यादि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि कपासन विधानसभा मुख्यालय होते हुवे भी सांयकल 7 बजे बाद जिला मुख्यालय चित्तौडग़ढ़ तक जाने के लिए कोई साधन सुविधा नहीं है ।जिससे यात्रियों एवं आमजन को अनावश्यक ही अवैध संचालित वाहनों में यात्रा करनी पड़ती है ।उक्त बस रात्रि 10.30 बजे कपासन से जयपुर के लिए जाती थी ।उक्त बस को अविलम्ब कार्यवाही कर पुनः शुरू कराने की मांग व्यापार मंडल कपासन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से की गयी है। उक्त ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान व्यापार मण्डल कपासन सचिव अभिषेक सोमानी,व्यापार मंडल सदस्य कमलेश डाड,आयुषदत्त छीनीवाल,राकेश सोमानी आदि व्यापार मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

## विशाल राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के तत्वावधान में गुर्जर की थड़ी के पास, कटेवा नगर, जयपुर स्थित सार्वजनिक पार्क में दिनांक 22 नवम्बर 2025 को सायं 7.00 से अखिल भारतीय विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न विधाओं के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के निम्नलिखित कवि शिरकत करेंगे। श्री शशिकान्त यादव (सब रस, संचालक, देवास), सुश्री प्रीति पाण्डे (गीत गजल, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश), दीपिका माही (गीत गणगौर, उदयपुर), पार्थ नवीन (हास्य पैरोडीकार, प्रतापगढ़), रोहित झंझट (हास्य, व्यंग्य, इन्दौर) तथा शिवम हथगामी (गीतकार, कानपुर) अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उपरोक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष श्याम विजय द्वारा मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय को प्रदान की गई।

## नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत की रजनी शर्मा जिला संयोजक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत ने जिले की वरिष्ठ साहित्यकार व समाजिक चिंतक रजनी शर्मा को जिला समन्वयक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ललित नारायण आमेटा ने उम्मीद जताई है कि रजनी शर्मा साहित्यकार के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं। निश्चित ही वह क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस मंच से जोड़ने का कार्य करेंगीं। उल्लेखनीय है कि नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत (एनवाईपीएस) डिजिटल मंच युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, शासन और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं से जोड़ने के लिए एक डिजिटल मंच है। यह प्लेटफार्म युवाओं को विभिन्न विषयों पर बहस करने, अपने विचार व्यक्त करने और नेतृत्व व नागरिक भागीदारी कौशल विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह एक डिजिटल ब्रिज है जो युवाओं को राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और विकसित भारत 2047 के लिए अपने विचार साझा करने में मदद करता है। अपनी नियुक्ति पर रजनी शर्मा ने नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आमेटा के प्रति आभार जातते हुए कहा है कि वह नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत डिजिटल मंच के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जनकाल्याणकारी योजनाओं का धरातल स्तर तक समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब तबके को उनका हक दिलाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करने में कोताही नहीं बरतेंगीं।

## डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, शिक्षा की शक्ति से ग्रामीण विकास को नई दिशा-पलाश श्रीवास्तव



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले के ग्राम कछपुरा आंगई में आईआईएफसीएल कंपनी एवं जिला परिषद के सहयोग से ग्रामीण डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह पहल विकसित भारत के विजन को ग्रामीण विकास के माध्यम से साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें शिक्षा को आधारस्तंभ माना गया है। कार्यक्रम के दौरान आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण भारत ही हमारे देश की असली ताकत है। यदि गांवों के बच्चे डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ जाएँ, तो वे किसी भी बड़े शहर के बच्चों से कम नहीं रहेंगे। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पढ़ाई और तकनीक तक बराबर पहुंच हर बच्चे का अधिकार है। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारे युवा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओ बचे और दूसरो को भी जाग्रत बनाये। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने इस परियोजना को ग्रामीण शिक्षा में एक नई क्रांति बताते हुए कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी संविधान घर के नाम से जानी जाएगी, जिससे ग्रामवासियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति समझ, डिजिटल इंडिया में सहभागिता, जनभागीदारी के साथ सामुदायिक स्वामित्व की भावना, रोजगार और कौशल विकास में मदद, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार जिससे ग्रामीणों के जीवन में भविष्य में दूरगामी स्थायी बदलाव देखने को मिलेंगे। इस मिशन का उद्देश्य जन-भागीदारी के साथ महिलाओं और छात्राओं को सशक्त बनाना है। लड़कियां भी गांव आइडियल बनेगी जो गांव से देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में जिला परिषद से पवन कुमार, गौरव सिंघल, ऐश्वर्य मुद्गल एवं आईआईएफसीएल की ओर से सुबोध शर्मा, विकास अधिकारी गिर्राज, सरपंच प्रतिनिधि रामलखन मीणा, किशन सिंह, धर्मेंद्र के साथ अनेक ग्राम पंचायत के सरपंच, युवाओं तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## भरतपुर में सेना के जवान के परिवार पर हमला

धमकियां दी, घर के बाहर हथियार लहराए, अंदर ही रहने को मजबूर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** कोरेर गांव में एक परिवार ने दूसरे परिवार पर हमला कर दिया। पीड़ित परिवार के घर में तीन लोग सेना में तैनात हैं। घर पर सिर्फ महिलाएं रहती हैं। पीड़ित परिवार की तरफ से पुलिस में शिकायत दे दी गई है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### पड़ोसियों ने किया घर पर हमला

आटीबीपी में तैनात कन्हैया सिंह ने बताया कि मेरे तीन छोटे भाई सेना में तैनात हैं। घर पर बड़ा भाई और पिता रहते हैं। जो खेतीबाड़ी करते हैं। हमारा पड़ोसी मानसिंह का परिवार हमसे बेवजह ईर्ष्या रखता है। मानसिंह के परिवार के लोगों ने हमारे घर पर हमला कर दिया। घर की महिलाओं के साथ गाली गलौज की, घर के गेट को तोड़ने की कोशिश की और घर के बाहर हथियार लहराए।

### घर में कैद हुआ फौजी का परिवार

मानसिंह के परिवार के धमकियों के बाद परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं निकल रहा। सभी लोग घरों में कैद हैं। पुलिस को शिकायत दे दी गई है।

# निर्वाचन आयोग ने शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ किये सम्मानित

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किये

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिलेवार प्रगति की समीक्षा कर श्रेष्ठ कार्य करने वाले एआरओ एवं शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ से संवाद किया। वर्चुअल समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी वैर एवं बयाना द्वारा राज्य स्तरीय लक्ष्य से अधिक कार्य गुणवत्ता के साथ अद्यतन करने पर सराहना की तथा सभी अधिकारियों को टीमभावना से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए जिला स्तर पर बनाये गई कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीमभावना के साथ सभी अधिकारी व कार्मिक निर्वाचन आयोग दिशा-निर्देशानुसार कार्य कर एसआइआर के उत्तरदायित्व पूरे कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र वैर के भाग संख्या 48 में तैनात बीएलओ केसर देव गुप्ता को मतदाताओं के गणना प्रपत्र का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने, कार्य के प्रति उनकी सतर्कता, मेहनत, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के बीएलओ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए गए। इनमें विधानसभा क्षेत्र भरतपुर के भाग संख्या 59 के बीएलओ चन्दन सिंह, विधानसभा क्षेत्र वैर के भाग संख्या 50 के बीएलओ प्रदीप कुमार धाकड़, विधानसभा क्षेत्र नदबई के भाग संख्या 200 के बीएलओ मूलचंद शर्मा तथा विधानसभा क्षेत्र बयाना के भाग संख्या 40 के बीएलओ रोहिताश कुमार शामिल हैं। इन सभी बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया। सभी बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अनुभवों को साझा करते हुये सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी वैर गंगाधर मीणा, बयाना दीपक मित्तल, नदबई सचिन यादव, भुसावर राधेश्याम मीणा, रूपवास विष्णु बंसल, भरतपुर भारती गुप्ता, सहायक निदेशक लोकसेवाऐं भारती भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

## बीएलओ चुनाव प्रक्रिया की रीढ़, उनकी प्रतिबद्धता से होगा एसआईआर पूरा-जिला निर्वाचन अधिकारी



# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी बाड़ी ने दिया एसआईआर के कार्यो का प्रजेन्टेशन

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की वर्चुअल माध्यम से जिले के एसआईआर कार्य की सराहना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी,( राजू शर्मा )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 4 नवम्बर से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्य की प्रगति समीक्षा मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वर्चुअल माध्यम से बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित कर मतदाताओं की जानकारी भरवाकर उनको डिजिटाईजेशन कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रदेश में टॉप 10 में शामिल हुए 77-बसेड़ी विधानसभा एवं 78-बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों से रूबरू होकर किए गए कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी भगवत शरण त्यागी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वर्चुअल माध्यम से बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में विभागीय निर्देशों की पालना में एसआईआर के कार्य को प्रारंभ से ही गंभीरता से लिया गया। एसआइआर नोटिफिकेशन से पहले ही बीएलओ को इस कार्य के प्रति सक्रिय रखा हुआ था तथा कार्यालय से इन्हें वांछित सहयोग प्रदान किया जाता रहा जैसा कि हमारी मैपिंग 76.92 एवं 74.85 प्रतिशत हो चुकी है। इससे बीएलओ कार्य व प्रक्रिया से भली भाँति अवगत कराया। बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को एसआइआर प्रशिक्षण में अधिकतम समय स्वयं भी उपस्थित रहकर एसआइआर एवं निवार्चन संबंधी कार्यों की प्रक्रिया एवं गंभीरता के बारे में अवगत कराया गया। प्रयास किया गया कि इनके प्रत्येक शंका का समाधान किया जाएं। ईएफ प्रिन्ट हो कर आने के पश्चात इनका बीएलओ को वितरण करने में अनावश्यक समय व्यतीत नहीं किया गया। एईआरओ के निर्देशन में सुपरवाईजर्स के जरिये बीएलओ को अविलम्ब ईएफ प्रदान कर उसी दिन फील्ड में रवाना किया और इनके वितरण के पर्यवेक्षण के लिए हम ईआरओ, एईआरओ फील्ड विजिट करते हुए इन्हें गाईड और मोटिवेट करते रहे। सुपरवाईजर्स की भी बैठक लेकर उन्हें वितरण में न्यून प्रगति वाले बीएलओ की मॉनिटरिंग व हेल्प के लिए निर्देशित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अच्छा कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआईआर के कार्य में लगाए गए सभी कार्मिकों द्वारा किए गए सहयोग से ही जिला टॉप 10 में शामिल हुआ है।

## टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही करे- डॉ विजय सिंघल

### सी एम एच ओ डॉ विजय सिंघल ने किया डीग जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल ने गुरुवार को राजकीय जिला चिकित्सालय में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक हुए इस निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएँ सामने आईं, जिन पर सीएमएचओ ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की। प्रात: 9.30 बजे तक टीकाकरण कार्य शुरू न होने पर उन्होंने चिकित्सालय प्रभारी डॉ. गजेंद्र पाल सिंह को स्पष्ट निर्देश दिए कि टीकाकरण में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें अवगत कराया जाए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंघल ने भर्ती वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, लैब और दवा वितरण काउंटरों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती वार्ड में मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर दवाइयाँ, जांच और उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमएचओ डॉ सिंघल ने उपस्थित चिकित्सकों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री निशुल्क जांच एवं दवा योजना का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुँचाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि मरीज अस्पताल आते हैं तो उन्हें विश्वास और संतोष के साथ उपचार मिलना चाहिए, इसलिए सभी विभाग निर्धारित समय पर पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करें।

## अब नहीं देना होगा राशन डीलरों को राशन का अनलोडिंग और तुलाई का खर्चा

डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष की शिकायत पर खाद्य विभाग ने किये आदेश जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी,( राजू शर्मा )।** राशन डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा की शिकायत पर अब खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राशन डीलरों को उपलब्ध कराई जाने वाले राशन पर अनलोडिंग और तुलाई का खर्चा नहीं देना होगा। खाद एवं नागरिक विभाग के अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम प्रसाद सागर द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है। जिसको लेकर राशन डीलर संघ के धौलपुर जिलाध्यक्ष विजय सिंह मीणा ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है साथ में खाद्य एवं नागरिक विभाग के अधिकारियों को भी धन्यवाद किया है। जिला अध्यक्ष विजय सिंह मीणा ने बताया की राशन डीलरों को जो राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है उसमें ठेकेदार द्वारा अनलोडिंग का चार्ज और राशन तुलाई का खर्च राशन डीलरों से लिया जाता है। इससे राशन डीलरों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। जिसको लेकर उन्होंने पूर्व में अधिकारियों से शिकायत भी की थी। मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा को भी अवगत कराया था। अब प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा ने उक्त मामला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के सामने रखा है। जिस पर विभाग के अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम प्रसाद सागर ने आदेश जारी किया है। उक्त आदेश में यह स्पष्ट किया है खाद्यान्न के परिवहन हेतु अनुमोदित टेंडर डॉक्युमेंट की शर्त संख्या 14 के अनुसार खाद्यान्न परिवहन के समय उचित मूल्य दुकान पर अनलोडिंग करते समय की समस्त जिम्मेदारी परिवहन करता ठेकेदार की होगी। जिसमें तुलाई का खर्च शामिल है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आदेश को लेकर गुरुवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में धौलपुर राशन डीलर संघ की बैठक का आयोजन किया गया।

# न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर फाउंडेशन के सीएसआर से बदलेगी जाखा गांव के तालाब की किस्मत

## समृद्ध सरोवर मॉडल पर होगा विशाल तालाब का पुनर्विकास, 300 से ज्यादा परिवारों को मिलेगा लाभ



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सरमथुरा तहसील के गोलारी ग्राम पंचायत अंतर्गत जाखा गांव में स्थित दशकों पुराना जर्जर तालाब अब नई शक्ल लेने जा रहा है। न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर फाउंडेशन के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के सहयोग से मंजरी फाउंडेशन ने तालाब के पूर्ण पुनर्जनन और सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। यह पुनर्विकास समृद्ध सरोवर मॉडल पर आधारित है, जिससे गांव की पानी की सालों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

वर्षों से तालाब की कमजोर पाल और भारी रिसाव के कारण बारिश का पानी कुछ ही सप्ताह में खत्म हो जाता था। इसका सीधा असर खेती और पेयजल पर पड़ता था। खरीफ के बाद रबी सीजन में 120 एकड़ से ज्यादा जमीन सूखी पड़ जाती थी। किसानों को नुकसान झेलना पड़ता था और गांव के 300 से अधिक परिवार पीने के पानी के लिए भी परेशान रहते थे।

### क्या होगा काम पूरी संरचना होगी मजबूत

नई परियोजना के तहत तालाब की पाल को मजबूत करने के लिए पक्की पिचिंग और दीवार बनाई जा रही है। रिसाव रोकने के लिए क्ले ब्लैंकेट और जियो-टेक्सटाइल की दोहरी परत बिछाई जाएगी। इसके साथ ही ओवरफ्लो पानी की निकासी के लिए पक्का स्पिलवे आउटलेट, तालाब तल की सफाई और गहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

# सरकार द्वारा विभिन्न समाजों को निरस्त की गई आवंटित भूमियों को पुन: बहाल करने की मांग

## मुख्यमंत्री व यूडीएच मंत्री से विधायक डॉ. गर्ग ने पत्र लिखकर किया अनुरोध

### समाजों की शैक्षणिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यों के लिये स्वीकृत हुई थी भूमि-डॉ.गर्ग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार द्वारा विभिन्न समाजों के सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिये छात्रावास तथा सामूहिक कार्यक्रमों के लिये सामुदायिक भवन के लिये आवंटित की गई भूमियों को सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया है जिन्हें पुन: बहाल कराने के लिये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिखकर अनुरोध कर मांग की गई है।

विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री व यूडीएच मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न समाजों के बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने तथा उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देष्य से एक-एक हजार वर्गमीटर पूर्व सरकार द्वारा मंत्री मंडल की बैठक में अनुमोदित करने के बाद आवंटित की थी। उन्होंने कहा कि यह आवंटित भूमि समाजों के लिये दी गई थी न कि किसी व्यक्ति विषेष के लिये और मंत्री मंडल की बैठक में समाज के लिये यह भूमि जनहित में आवंटित की गई थी। डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री व यूडीएच मंत्री से अनुरोध किया है कि समाज उत्थान व जनहित में उक्त समाजों को शीघ्र ही भूमि आवंटित की जायें ताकि उनकी सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो सकें।

# डीग जिला मुख्यालय पर सड़को और आम रास्तों में अतिक्रमणों की भरमार

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर की अतिक्रमण हटवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्वेता यादव एवं कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह कोली के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर डीग शहर के बाजारों और आम रास्तों को अतिक्रमणों से मुक्त कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि डीग शहर के बीचोबीच स्थित रियासत कालीन मेला मैदान में कुछ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते यहां प्रत्येक सप्ताह लगने वाले सोमवार बाजार में दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को वह आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शहर के मुख्य बाजार में लक्ष्मणमंदिर के चारों ओर दुकान दारो ने अपनी दुकानों के आगे 10 से 15 फुट आम रास्ते की भूमि पर पक्के निर्माण कर तथा चबूतरे और तख्त रख कर अतिक्रमण कर लिए है जिससे लोगों का रास्ता निकलना मुश्किल हो रहा है। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए वनी नालियों को पाट कर के अतिक्रमण कर चबूतरे और सीढ़ियों का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखे है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों नालियों की सफाई करना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि शहर में सार्वजनिक भूमि पर आम रास्तों में किए गए सभी स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को हटावाया जाए और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में वह अतिक्रमण करने का दुस्साहस ना कर सके।

# शहर में अतिक्रमण पर नगर परिषद ने चलाया पीला पंजा



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद कोटपूतली द्वारा 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को परिषद क्षेत्र के मुख्य मार्गो एवं फुटपाथों पर किये गये अवैध अतिक्रमण को अधिशाषी अभियंता, सहायक अग्निशमन अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक एवं नगर परिषद के अन्य कार्मिको द्वारा मैन चौराहा से लालचन्द मोरीजावाला धर्मशाला होते हुए पूतली कट तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।एक्सईएन दीपक मीणा ने बताया कि मैन चौराहा से एलबीएस कॉलेज होते हुए पुतली कट तक के दुकानदारों और व्यापारियों से भविष्य में पुनः अतिक्रमण किये जाने पर जब्ती एवं शास्ति की कार्यवाही हेतु समझाईस की गई।

# जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से दिव्यांगों की सभी समस्याओं का होगा समाधान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की शुरुआत राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में की जा चुकी है, जिससे जिले भर के दिव्यांगों को सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। डीडीआरसी अलवर के मैनेजमेंट ऑफिसर आर एस वर्मा ने बताया कि राजीव गांधी चिकित्सालय के पूर्व में कोरोना ओपीडी वार्ड में लगभग 1500 वर्ग फीट में संचालित इस केंद्र में दिव्यांगों को फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी, एबी,जैसी उच्च चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान की जाएगी। वहीं कार्यान्वन एजेंसी मंथन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि जिले में सेरिब्रल पाल्स,ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता, श्रवण एवं वाक बाधित दिव्यांगता के हजारों मामले है। जागरूकता एवं सुविधाओं के अभाव में ऐसे दिव्यांगों का चिन्हीकरण एवं उन्हें थेरेपी की सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। जिससे उनको समाज की मुख्य धारा से जुडने में बाधा आती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों के हित में अलवर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित किया गया जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों जैसे साइकोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच थेरापिस्ट, ऑर्थोटिस्ट एवं प्रोस्थेटिस्ट, विशेष शिक्षकों द्वारा दिव्यांगों का चिन्हीकरण, असेसमेंट, काउंसलिंग एवं थेरेपीज उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही एडिप योजना के अंतर्गत सही सहायक उपकरण का चयन, वितरण एवं दिव्यांगों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार ऋण योजना, पालनहार योजना आदि की जानकारी एवं इन्हें प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के निराकरण में भी मदद प्रदान की जाएगी।

# अपना घर आश्रम में जर्सियां वितरित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** विवेकानंद नगर में स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाले 80 लोगों को गर्म जर्सियां कुमकुम महावर की ओर से वितरित की गई। नेक कमाई फाउंडेशन के सर्दी आते ही गर्म कपड़ों के वितरण अभियान के तहत यह जर्सियां इनकी ओर से वितरित की गई। इस अवसर पर कुमकुम महावर ने कहा कि अपना घर के महिला आश्रम और अन्य जगह भी गर्म जर्सियां वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश गुप्ता हुंडी वाले, हरीश कालड़ा, सतीश सारस्वत और अशोक मेठी उपस्थित थे। संस्था की ओर से सतीश सारस्वत ने आभार जताया।

# एक सौ एक महिलाओं को बांटे सूट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के धोबी घटटा क्षेत्र बिराई माता मंदिर के पास में माधव सेवा समिति की ओर से चल रहे आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में विद्यार्थियों के जरूरतमंद अभिभावक महिलाओं को खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट की ओर से 101 महिलाआं को सूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुखय अतिथि माधव सेवा समिति के संरक्षक डा.के.के गुप्ता थे जबकि अध्यक्षता समाजसेवी दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में समाजसेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि इस क्षेत्र में शीघ्र ही सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोलकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में डा. के. के. गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनना आवश्यक है। उन्हें सबसे पहले अपने परिवार को नशा मुकत बनाना होगा जिससे परिवार और समाज में खुशहाली आ सके। कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं ने देश भकित से ओत प्रोत गीत गाए।

# जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ के गठन की अधिसूचना जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा-11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ का गठन किया गया हैं। जिसको लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगा राम द्वारा बुधवार को जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ के गठन की अधिसूचना जारी की गई हैं। अधिसूचना के अनुसार नवगठित जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ का क्षेत्राधिकार नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका (नगरीय क्षेत्र) को छोडक़र समस्त क्षेत्र रहेगा।

शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य करने पर किया सम्मानित

# बीएलओ दिनेश कुमार सैनी ने राज्य में सबसे पहले किया शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत अपने भाग के मतदाताओं के गणना प्रपत्रों (ईएफ) का डिजिटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत करने पर अलवर जिले के तीन बीएलओ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वर्चुअल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रशंसा पत्र एवं पेन ड्राइव भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया, जिसमें अलवर जिले के राजगढ लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 68 (पुराना राजगढ़) के बीएलओ दिनेश कुमार सैनी, कठूमर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 128 (धीवडी) के बीएलओ मोती सिंह एवं थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 46 (हरनेर) के बीएलओ कमलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।

**बीएलओ कमलेश शर्मा से किया संवादः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 46 (हरनेर) के बीएलओ कमलेश शर्मा संवाद कर उनके द्वारा शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य को सम्पादित करने के बारे में जानकारी ली, जिस पर कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासी होने के साथ गांव के हर परिवार से उनके मधुर संबंध हैं, जिसके कारण केवल व्हाट्सएप ग्रुप एवं दूरभाष से दी गई सूचना से ही अधिकतर ग्रामीणों ने उनके पास आकर ईएफ फार्म के बारे में समझकर भरकर दिया तथा 4 नवम्बर से पूर्व ही एसआईआर की तैयारी प्रारम्भ कर दी थी। जिसके तहत वर्ष 2002 से पूर्व 128 महिलाओं को चिन्हित कर उनके माता-पिता की वोटर आईडी मंगवाकर एवं ऑनलाइन सर्च कर सबकी मैपिंग कर दी थी। यह कार्य मेरे लिए बहुत सहायक सिद्ध हुआ।




**बीएलओ दिनेश कुमार सैनी ने राज्य में सबसे पहले किया शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन**

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला में अध्यापक के पद पर कार्यरत दिनेश कुमार सैनी राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 68 (पुराना राजगढ़) के बीएलओ हैं। उन्होंने 17 नवम्बर को राज्य में सबसे पहले अपने भाग संख्या के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया। इसके लिए निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा उनकी प्रशासन की गई। इनके द्वारा बनाए गए टेस्टिमोनियल वीडियो को सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया हैण्डल पर भी डाला गया।

# झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में एबीवीपी द्वारा गुरूवार को झाँसी की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर की गई। नगर मंत्री करण सवाईका ने एबीवीपी के कार्यों एवं रानी लक्ष्मी बाई के जीवन-संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई नारी-शक्ति, साहस और देश भक्ति की प्रतीक थीं, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय वीरता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता राजेश कुमार ने नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि रानी लक्ष्मी बाई ने साबित किया कि अगर नारी संकल्प कर ले तो कोई भी कठिनाई उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। प्रधानाचार्य जगदीश माली ने रानी लक्ष्मी बाई की जीवनी, उनके आदर्शों व उनके बलिदान की प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया। नगर मंत्री करण सवाईका ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं यादगार रहा। इस दौरान शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अपहरण कर लूट को अंजाम देने वाले फरार वांछित दो हजार के 2 ईनामी अपराधी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत डॉ. प्रियंका आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर व मनीषा मीना, आरपीएस, वृत्ताधिकारी, वृत राजगढ जिला अलवर के निकटतम सुपरविजन में राजेश कुमार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ जिला अलवर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए करीब 01 साल से फरार दो दो हजार रुपये के 2 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को परिवादी ने पुलिस थाना राजगढ पर उपस्थित होकर दर्ज कराया की मैने करीबन एक साल पहले प्रकाश मीना निवासी परबैणी को 25000 रूपये उधार दिये थे जिनके मैने कई बार प्रकाश से वापस मांगा लेकिन प्रकाश ने पैसे वापिस नही दिये दिनांक 31 जुलाई 2024 को प्रकाश हमारे गांव आया था तो मैने प्रकाश से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया तो मैने उसकी मोटरसाईकिल को घर खड़ा कर लिया उसके बाद प्रकाश ने अपने दो साथियो को बुलाया तो हमने प्रकाश कि मोटरसाइकिल प्रकाश को दे दी इस बात से प्रकाश नाराज हो गया और मुझे सबक सिखाने व उठाने की धमकी दी उसके बाद मै व मेरे चाचा का लडका दोनों मोटरसाईकिल से माचाडी आये थे हम दोनों माचाडी से सामान लेकर शाम 6 बजे के आस पास गांव जा रहे थे जैसे ही हम बैरेर मोड माचाडी पहूचे तो पीछे से एक सफेद रंग की शिफ्ट कार से आकर हमारी मोटरसाईकिल के साइड में लगा कर खिडकी से हमारी मोटरसाईकिल को गिरा दिया कार से प्रकाश मीना व उसके 3, 4 साथी उत्तरे प्रकाश ने मेरे पैर मे डन्डे की भारी तथा इन सभी ने मुझे जबरदस्ती पकड कर गाडी में पटक लिया हरकेश भाग गया गाडी में पटक कर ये सभी मुझे रैणी पेट्रोल पम्प के पास लेकर गये। गाडी मे प्रकाश का मामा रामचरण मीना निवासी सायपुर पाखर भी था तथा अन्य को मैं नही जानता रैणी पैट्रोल पम्प के पास रामचरण कार से उतर गया प्रकाश और उसके साथ मुझे गाडी में पटककर मण्डावर की तरफ ले गये जो रास्ते मे इन लोगो ने मेरे साथ लात घुसे से मारपीट की।




# कृषि महाविद्यालय में SIR जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम पाथरेड़ी कृषि महाविद्यालय,में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदाता सूची के अद्यतन, परिगणना प्रपत्रों की प्रक्रिया, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में निर्वाचन साक्षरता क्लब प्रभारी, डॉ. सुरेन्द्र कुमार द्वारा विस्तृत व्याख्यान शामिल था। उन्होंने विद्यार्थियों को स्ढ्क्र-2026 की संपूर्ण प्रक्रिया घर-घर परिगणना, फॉर्म-6, 7 और 8 के उपयोग, पात्र आयु की गणना (01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष), मृत/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, एवं परिवार-आधारित सत्यापन के बारे में सरल और स्पष्ट जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि मतदाता सूची का पारदर्शी व अद्यतन होना लोकतंत्र की मूलभूत आवश्यकता है, तथा प्रत्येक पात्र छात्र को समय पर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहिए। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सहायता हेतु एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं।

# अस्पताल के पास जोखिम बना विशाल पीपल का पेड़

## पेड़ हो चुका खोखला, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ अस्पताल परिसर के बिलकुल एक कोने पर स्थित बड़ा पीपल का पेड़ इन दिनों हादसे का बड़ा कारण बन सकता है। पेड़ के ठीक नीचे से हाई-टेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जबकि पेड़ काफी ऊंचा और फैलाव वाला होने के साथ-साथ अब अंदर से खोखला भी हो चुका है। ऐसे में जरा-सी आंधी या बारिश में शाखाओं के लाइन से टकराने या पेड़ के टूटकर गिरने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की जड़ें कमजोर पडने लगी हैं और तना खोखला होने के चलते वह कभी भी गिर सकता है। अस्पताल के आसपास रोजाना सैकड़ों मरीज, तीमारदार और वाहन आवाजाही करते हैं। ऐसे में यह स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है लोगों ने बताया कि पेड़ अस्पताल की दीवार से बेहद नजदीक है और हाई-टेंशन लाइन की दूरी भी सुरक्षा मानकों के विपरीत है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को मौखिक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई विशेषज्ञों का कहना है कि खोखले पेड़ और हाई-टेंशन लाइन का संयोजन बेहद खतरनाक होता है थोड़ी-सी हवा में भी शाखाएं तारों से संपर्क में आ जाएं तो आग लगने या बिजली फॉल्ट का खतरा बढ़ जाता है स्थानीय नागरिकों और अस्पताल आने वाले लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेड़ की जांच कर उचित निर्णय लिया जाए और पेड़ को सुरक्षित ढंग से हटाया जाए या ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



जानकारी और जागरूकता ही बचाव-एएसपी शरण कंबले

# लघु उद्योग भारती अलवर के तत्वावधान में सतर्क अलवर अभियान के अंतर्गत साइबर सतर्कता जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरूवार को लघु उद्योग भारती अलवर के तत्वावधान में सतर्क अलवर अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपीनाथ शरण कंबले, आईपीएस ने साइबर सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जयंती कोल्ड ड्रिंक परिसर में एक व्यापक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उद्यमियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शरण कंबले ने साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर घटना के घटित होते ही तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सलाह दी कि ऐसे मामलों में मोबाइल इंटरनेट तुरंत बंद कर देना चाहिए और सिम कार्ड को फोन से निकाल देना चाहिएए जिससे अवांछनीय संदेश और लिंक प्राप्त होने से रोका जा सके। उन्होंने बैंक ओटीपीए फर्जी कॉलए केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, क्यूआर कोड स्कैम, फिशिंग लिंक तथा फ्रॉड से बचने के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया। इस दौरान लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शशांक झालानी ने बैंक खातों में लीन से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान पर सुझाव मांगे। जवाब में मुख्य वक्ता शरण कंबले ने बताया कि वर्तमान में सरकार की नई व्यवस्था के तहत बैंक खातों में संपूर्ण राशि फ्रीज नहीं की जातीए बल्कि केवल लीन राशि को ही फ्रीज किया जाता है, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक आर्थिक परेशानियों से बचाया जा सके।




कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष संदीप मुद्गल, सचिव पंकज तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, ओमवीर सिंह, नीतेश अग्रवाल, राहुल जैन, रजनी, उमेश खत्री, सुनील यादव सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन पंकज तिवारी द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। अंत में यह निर्णय लिया गया कि सतर्क अलवर अभियान के अंतर्गत ऐसे जागरूकता शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से जारी रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति समय.समय पर जागरूक किया जा सके और साइबर अपराधों की रोकथाम में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# जयपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की

## राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई नेताओं को टांगाटोली कर ले गई; सीएम आवास जाने से रोका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने शहीद स्मारक पर बैरिकेड्स लगाकर रोकने की कोशिश की। इससे गुस्साए कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। युवा कांग्रेस ने वोट चोरी, बदहाल कानून व्यवस्था और फसल खराबे के मुआवजे जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता अभिमन्यु पूनिया ने कहा- सरकार से आम आदमी परेशान है। कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा की छापेमारी कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने राजस्थान में एसआईआर का काम कर रहे बीएलओ के सुसाइड करने के मुद्दे पर सरकार को घेरा और सवाल किया कि क्या 20-25 दिनों में पूरे राजस्थान में एसआईआर करवाना संभव है।

### पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

### युवा कांग्रेस का मुख्यमंत्री आवास घेराव सफल नहीं हो पाया

राजस्थान युवा कांग्रेस का मुख्यमंत्री आवास घेराव सफल नहीं हो पाया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर युवा कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया और उन्हें हिरासत में लेकर बसों में भरकर ले गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया समेत कई कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

हालांकि, इस बार पिछले प्रदर्शनों की तुलना में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भीड़ कम नजर आई, जिसका असर इस प्रदर्शन पर साफ दिखा। मुख्यमंत्री आवास कूच का कार्यक्रम महज 8 से 15 मिनट में ही समाप्त हो गया।



# राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं-महिलाएं समाज की धरोहर हैं

## कहा-बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों का जीना खराब कर दिया था, पंडो जनजाति को सभा में जाने से रोका



बढ़ता राजस्थान

**सरगुजा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं समाज की धरोहर हैं। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो समाज का विकास होगा। साथ ही कहा कि बिरसा मुंडा भगवान ने अंग्रेजों का जीना खराब कर दिया था। अंग्रेजों को सिर्फ बिरसा मुंडा ही दिखते थे। कार्यक्रम में मुर्मू ने कहा कि हम बिरसा मुंडा की पीढ़ी हैं। आदिवासी संस्कृति को मैं पहले भी जीती थी और अब भी जीती हूं। जल, जंगल और जमीन के साथ आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमें आदिवासी संस्कृति को बचाना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी युवाओं को सम्मानित किया। साथ ही वैद्यों और देवस्थलों से जुड़ी योजना मुख्यमंत्री वैद्यराज सम्मान योजना और मुख्यमंत्री ग्राम अखरा विकास योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने 70 साल पहले डॉ. राजेंद्र प्रसाद के गोद लिए गए बच्चों से भी मिलीं। वहीं सरगुजा में पंडो जनजाति के लोगों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में जाने से प्रशासन ने रोक दिया। इससे पंडो जनजाति के लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लखनपुर विकासखंड के ग्राम परसोडी कला के पंडो जनजाति के लोग थे, जिन्हें सिंगी टाना टोल प्लाजा के पास रोका गया था। कार्यक्रम में सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के घरों तक बिजली पहुंची, बस्तर में नक्सलवाद की कमर टूट गई है। आदिवासियों का विकास हो रहा है। बस्तर के लोगों को राशन मिल रहा है। वहीं राज्यपाल रामेन डेका ने कहा कि बिरसा मुंडा महान वीर थे, जिन्हें आज याद किया जा रहा है।

# माउंट आबू में जमने लगी बर्फ : धूप निकलने के बाद मिली कड़ाके की सर्दी से राहत

## शीतलहर का असर कम होगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बर्फीली हवा के प्रभाव से माउंट आबू में पारा बुधवार को भी जमाव बिंदु पर दर्ज हुआ। कुछ जगहों पर ओस की बूंदें जमकर बर्फ बन गईं। हालांकि धूप निकलने के बाद यहां लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिली। आबू के अलावा फतेहपुर, नागौर, सीकर, दौसा में भी तेज सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ड्राय रहेगा। तापमान में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं होगा, लेकिन शीतलहर से लोगों को राहत रहेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान माउंट आबू के बाद सबसे ठंडा इलाका सीकर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नागौर में न्यूनतम तापमान 5.9, फतेहपुर में 6.9, दौसा में 6.7, जालौर में 7, सिरोही में 7.4, बारां में 7.8, करौली में 8.7, चूरू, चित्तौड़गढ़ में 8.2, पिलानी में 8.7, वनस्थली (टोंक) में 8.3, भीलवाड़ा में 8.5, उदयपुर में 9, अजमेर में 9.8, कोटा में 11 और जयपुर 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी

प्रदेश के अधिकांश शहरों में बुधवार को दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री बढ़कर 31 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। सीकर में भी इतनी बढ़ोतरी के साथ अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनूं) में 29.5, जोधपुर में 30.4, फलोदी में 30, बीकानेर 30.6, जैसलमेर में 31.5 और बाड़मेर में 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### उदयपुर, कोटा संभाग में बढ़ेगा पारा

**मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य के दक्षिणी हिस्सों में पूर्वी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा। इससे अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होगी। इन हवाओं का असर कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में रहेगा, जिससे सर्दी में मामूली कमी आएगी।**

# गृह राज्यमंत्री ने कहा- डोटासरा की मानसिकता हिंदू विरोधी

## बेढम बोले- कांग्रेस धर्म परिवर्तन कराने वालों के साथ खड़ी है, हम कड़ा कानून लाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने अपने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को इस विधेयक के विरोध करने की जो बात कही है, उससे लगता है कि वो धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों का परोक्ष रूप से समर्थन करते हैं। डोटासरा की मानसिकता ही हिन्दू विरोधी है और हम डोटासरा के इन मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक का कठोर कानून बनाया है। जिसके माध्यम से डरा धमकाकर धर्म परिवर्तन कराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। बेढम ने कहा कि पहले लचीला कानून बनाया गया था, कोई कार्रवाई नहीं होती थी। लेकिन अब इसके खिलाफ कठोर कानून लाया गया है।

# शिवकुमार बोले- हमेशा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नहीं रह सकता

## फ्रंटलाइन लीडरशिप में रहूंगा; पद छोड़ने के संकेत, सीएम बनने पर सिद्धारमैया से टकराव की अटकलें

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को संकेत दिए कि वे जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ सकते हैं। उन्होंने बेंगलुरु में इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा- मैं इस पद पर हमेशा नहीं रह सकता।

शिवकुमार ने कहा- साढ़े पांच साल हो चुके हैं और मार्च में छह साल हो जाएंगे। अब दूसरे नेताओं को भी अवसर मिलना चाहिए। हालांकि, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- मैं लीडरशिप में रहूंगा। चिंता मत करिए, मैं फ्रंटलाइन में रहूंगा। मैं रहूं या न रहूं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मेरी कोशिश है कि अपने कार्यकाल में पार्टी के 100 ऑफिस बनवाऊं। शिवकुमार के इस बयान से सीएम पद को लेकर सिद्धारमैया के साथ उनकी रस्साकशी की अटकलें को फिर से हवा मिल गई है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार इस महीने अपने 5 साल के कार्यकाल में ढाई साल पूरे करने वाली है। राज्य में पार्टी के अंदर सीएम पद के साथ प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव की चर्चा चल रही है।

नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के बीच डिप्टी सीएम शिवकुमार के करीबी मंत्री एन. चालुवरायस्वामी और विधायक इकबाल हुसैन, एचसी बालकृष्ण व एसआर श्रीनिवास गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार तक करीब दर्जनभर और विधायक भी दिल्ली जा सकते हैं। कुछ दिन पहले लगभग एक दर्जन स्रष्ट भी दिल्ली में पार्टी महासचिवों से मिल चुके हैं।

# मुस्लिम-ईसाई भारतीय संस्कृति अपनाएं तो वे भी हिंदू, हिंदुत्व सीमाओं में नहीं बंधा : भागवत

## आरएसएस प्रमुख हिंसा के बाद पहली बार मणिपुर पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी/इम्फाल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हिंदुत्व सीमाओं में बंधा नहीं, बल्कि समावेशी है। यदि मुस्लिम और ईसाई इस देश की पूजा करें, भारतीय संस्कृति का पालन करें और अपनी परंपराएं व रीति-रिवाज कायम रखते हुए राष्ट्र के प्रति आस्था रखें, तो वे भी हिंदू हैं। भागवत ने गुवाहाटी में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के तहत बुद्धिजीवियों, लेखकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पांच सामाजिक परिवर्तनों- सामाजिक सद्भाव, परिवार जागरण, नागरिक अनुशासन, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से बात की। वहीं भागवत गुरुवार को मणिपुर के तीन दिन के दौरे पर पहुंचे। मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह उनका पहला दौरा है। भागवत तीन दिन राज्य में रहेंगे और नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

### आरएसएस चीफ 21 नवंबर को जनजातीय नेताओं से मिलेंगे

भागवत 20 नवंबर को इम्फाल के कोंजेंग लाइकाई में उद्यमियों और विशिष्ट नागरिकों के साथ कार्यक्रम है, जबकि 21 नवंबर को वे मणिपुर हिल्स के जनजातीय नेताओं से मिलेंगे। आरएसएस के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने बताया कि भागवत का यह दौरा संगठन के शताब्दी समारोह की कड़ी में हो रहा है।

मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। हिंसा के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफे दे दिया था। केंद्र ने मणिपुर में राष्ट्रपति



शासन लागू किया है।

**मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय हैं-** मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं। स्त्र वर्ग में आते हैं। इनकी आबादी करीब 50% है। राज्य के करीब 10% इलाके में फैली इंफाल घाटी मैतेई समुदाय बहुल ही है। नगा-कुकी की आबादी करीब 34 प्रतिशत है। ये लोग राज्य के करीब 90% इलाके में रहते हैं।

**कैसे शुरू हुआ विवाद:** मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था।

**मैतेई का तर्क क्या है:** मैतेई जनजाति वाले मानते हैं कि सालों पहले उनके राजाओं ने म्यांमार से कुकी को युद्ध लड़ने के लिए बुलाया था। उसके बाद ये स्थायी निवासी हो गए। इन लोगों ने रोजगार के लिए जंगल काटे और अफीम की खेती करने लगे। इससे मणिपुर ड्रग तस्करी का ट्राएंगल बन गया है। यह सब खुलेआम हो रहा है। इन्होंने नागा लोगों से लड़ने के लिए आर्म्स ग्रुप बनाया।

**नगा-कुकी विरोध में क्यों हैं:** बाकी दोनों जनजाति मैतेई समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में स्त्र वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा।

# रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट

## ईडी ने ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया, जुलाई में हुई थी पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है। चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रॉपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने



चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसंबर को विचार करेगी। वाड्रा के खिलाफ यह मनी लॉन्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# अमेरिकी रिपोर्ट : ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया

## पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला नहीं माना; पाक बोला- हमारी जीत पर मुहर लगी

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी।

इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन ने जारी किया है।



रिपोर्ट पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी संसद में पेश हुई इस रिपोर्ट ने भारत के साथ हुई सैन्य टकराव में पाकिस्तान की जीत पर मुहर लगा दी है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज ने कहा, पाकिस्तानी सेना के बेहतरीन प्रदर्शन ने दुश्मन को घुटनों पर ला दिया। इसमें फील्ड मार्शल आसिम मुनीर का बड़ा योगदान है।

### रिपोर्ट में किए गए दावे का स्क्रीनशॉट

कांग्रेस बोली- क्या पीएम विरोध जताएंगे कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट का विरोध जताते हुए इस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे और विरोध जताएंगे हमारी कूटनीति को एक और बड़ा झटका लगा है।

### दावा- राफेल की इमेज को नुकसान

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं। इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। यूएससीसी का कहना है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वॉर में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार